हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शनिवार 12 सितंबर 2026



# बदला मौसम...ऑरेंज अलर्ट के बीच दो दिनों में डेढ़ इंच बारिश से खेती को राहत

## आज तीनों जिले के लिए बारिश को लेकर येलो अलर्ट, झमाझम बारिश से तापमान में भी आई गिरावट

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मौसम विभाग द्वारा जारी ऑरेंज अलर्ट के बीच अंचल में झमाझम बारिश का दौर शुरू हो गया है। पिछले दो दिनों में दर्ज की गई लगभग 35 मिमी बारिश ने किसानों के चेहरे पर रौनक ला दी है। इससे पहले 3 सितंबर से 9 सितंबर तक राजनांदगांव, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई और मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में बारिश पूरी तरह थमी हुई थी।

इस दौरान तेज धूप और उमस के कारण पारा 35 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था। जिससे आम लोगों की सेहत पर बुरा असर पड़ रहा था और मौसमी बीमारियों का प्रकोप बढ़ने लगा था। इसके साथ ही खेतों में नमी की कमी होने से धान सहित अन्य फसलों की बढ़वार भी थम सी गई थी। मौसम के इस बदले मिजाज ने पूरे क्षेत्र को बड़ी राहत दी है। लगातार दो दिनों तक रूक-रूककर हुई बारिश के बाद अब खेतों में पर्याप्त पानी जमा हो गया है। जिससे फसलों की ग्रोथ फिर से तेज रफ्तार पकड़ेगी। वहीं दूसरी ओर पारे में आई गिरावट के चलते लोगों को भीषण उमस और गर्मी से मुक्ति मिली है। मौसम विभाग ने आगामी दिनों के लिए भी राजनांदगांव, केसीजी और एमएमसी क्षेत्र में भारी से बहुत भारी बारिश की संभावना जताते हुए सतर्कता बरतने की सलाह दी है। इधर शुक्रवार को तीन जिले के लिए आरेंज अलर्ट के बाद आज येलो अलर्ट दिया गया है।

### तेज धूप से सेहत पर असर

सितंबर के पहले सप्ताह में बारिश पर लगे ब्रेक के कारण तापमान 35 डिग्री पर पहुंच गया था। इस भीषण गर्मी और उमस की वजह से जहां एक ओर अस्पतालों में मरीजों की कतारें लगने लगी थी। वहीं दूसरी ओर पानी के अभाव में खेतों में धान के पौधों का विकास रूक गया था। अब पिछले 48 घंटों में हुई 35 मिमी बारिश ने जमीन की प्यास बुझाने के साथ-साथ पौधों को नई ऊर्जा दी है।

### तीनों जिले सामान्य से पीछे

भले ही अंचल में मौसम बदल गया हो और बीते दो दिनों से बेहतर बारिश हो रही है, लेकिन इसके बावजूद राजनांदगांव, केसीजी और एमएमसी जिले सामान्य से पीछे चल रहे हैं। सरकारी आंकड़ों के अनुसार शुक्रवार तक राजनांदगांव जिले में 775 मिमी बारिश हुई है, जो सामान्य से सात फीसदी कम है। केसीजी जिले में 625 मिमी जो सामान्य से 11 फीसदी कम है और एमएमसी जिले में 765 मिमी बारिश हुई है, जो सामान्य से 32 प्रतिशत कम है।

### 48 घंटे भारी बारिश के आसार

मौसम केंद्र रायपुर ने राजनांदगांव, केसीजी और एमएमसी जिले के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी करते भारी से बहुत भारी वर्षा का पूर्वानुमान जताया है। आगामी 24 से 48 घंटे के दौरान क्षेत्र के एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ मूसलाधार बारिश होने की संभावना है। प्रशासन और मौसम विभाग ने निचले इलाकों में जलभराव, सड़कों पर फिसलन और दृश्यता में कमी को देखते हुए नागरिकों को सतर्क रहने की हिदायत दी है।

## खबर संक्षेप

### पंडाल में अग्निशामक यंत्र अनिवार्य

**राजनांदगांव।** गणेश चतुर्थी पर्व के दौरान पूजा पंडाल और विसर्जन झांकी की सुरक्षा को लेकर दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी द्वारा गणेश चतुर्थी पर्व के दौरान किसी भी प्रकार के अग्निशामक दुर्घटना से बचाव के लिए समस्त गणेश पंडाल और विसर्जन झांकी के दौरान आयोजकों को विद्युत उपकरणों के शार्ट-सर्किट और अन्य कारणों से आगजनी की घटना पर त्वरित सुरक्षात्मक कार्रवाई के लिए प्रत्येक गणेश पूजा पंडालों में 1 नग और स्थल सजावट झांकी में 4 किलोग्राम के 2 नग फायर एक्टींग्यूशर रखने दिशा- निर्देश को लेकर गाईड लाइन जारी की गई है।

### नाबालिग को भगाने ले जाने वाला पकड़ा गया

**राजनांदगांव।** नाबालिग को शादी करने का झांसा देकर भगा ले जाने वाले आरोपी को पुलिस ने झारखंड से पकड़कर कार्रवाई की है।

पुलिस के अनुसार प्रार्थिया द्वारा 29 जून को थाना बसंतपुर में उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उसकी नाबालिग पुत्री घर से बिना बताए कहीं चली गई है। प्रार्थिया को आशंका थी कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसकी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर भगाकर ले जाया गया है। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर धारा 137(2) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। इस मामले में पुलिस की गठित विशेष टीम द्वारा तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर लगातार पतासाजी की गई। तकनीकी साक्ष्यों से प्राप्त महत्वपूर्ण जानकारी के आधार पर पुलिस टीम द्वारा दीगर प्रांत झारखंड पहुंचकर अपहत नाबालिग बालिका को सकुशल बरामद किया गया तथा आरोपी योगेश यादव निवासी ग्राम लुचई थाना जीएमपुर जिला आजमगढ़ उत्तरप्रदेश हाल मुकाम झारखंड को हिरासत में लिया गया। आरोपी से योगेश यादव निवासी ग्राम लुचई से पूछताछ करने पर उसके द्वारा अपराध करना स्वीकार किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। नाबालिग बालिका को सकुशल पाकर उसके माता-पिता अत्यंत प्रसन्न हुए तथा उन्होंने राजनांदगांव पुलिस एवं थाना बसंतपुर पुलिस का हृदय से आभार व्यक्त किया।

## देरी पर अब हर दिन के हिसाब से लगेगा विलंब अधिभार

# उपभोक्ताओं को राहतः चार हजार के बिल पर एक दिन के लगेंगे 1.60 रुपए

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रदेशभर के 65 लाख बिजली उपभोक्ताओं को अब बिजली बिल का विलंब से भुगतान करने पर पूरे माह के स्थान पर प्रतिदिन के हिसाब से सरचार्ज लग रहा है। पहले एक दिन का विलंब होने पर भी पूरे माह का सरचार्ज देना पड़ता था, लेकिन अब इस नियम को बदल दिया गया है। इसी के साथ अब एडवांस में बिल जमा करने वालों को थोड़ा सा झटका लगेगा। पहले इसमें 1.25 प्रतिशत की छूट मिलती थी। इसको अब 0.75 प्रतिशत कर दिया गया है। आमतौर पर कोई उपभोक्ता एडवांस में पैसे जमा नहीं करता।

पुराने नियमों के मुताबिक यदि कोई उपभोक्ता बिल भुगतान की अंतिम तिथि के बाद महज एक या दो दिन देर से भी बिजली बिल का भुगतान करता था तो उससे पूरे महीने का 1.5 प्रतिशत सरचार्ज वसूल लिया जाता था। ऐसे में अगर किसी उपभोक्ता का बिल चार हजार रहता था तो उससे पूरे माह का 60 रुपए लिया जाता था। अब नए नियम के बाद अब विलंब शुल्क की गणना अब प्रतिदिन के हिसाब से की जा रही है।

### स्मार्ट मीटर में मैन्यूल रीडिंग बंद, एप में बिल

अविभाजित जिले में छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड द्वारा लगाए जा रहे स्मार्ट मीटरों के जरिए मैनुअल मीटर रीडिंग की प्रक्रिया अब डिजिटल और स्वचालित ऑटोमैटिक हो गई है, जिससे सीधे सर्वर के माध्यम से आपका बिजली बिल तैयार होकर आ रहा है। बताया गया कि स्मार्ट मीटर हर आधे घंटे में बिजली की खपत का डेटा सीधे सर्वर को भेजते हैं, जिससे मैनुअल रीडिंग लेने की जरूरत खत्म हो रही है।

### ज्यादा बिल पर मिलेगी राहत

नए नियम से उनको ज्यादा फायदा होगा। जिसका बिल ज्यादा आते हैं। किसी उपभोक्ता का अगर पचास हजार बिल है तो उनको पहले एक दिन का विलंब होने पर 750 रुपए लग जाते थे, लेकिन अब एक दिन के महज 20 रुपए लगेंगे। इसी तरह से जिनका बिल लाखों में रहता है, उनको बड़ी राहत मिलेगी।

### सरचार्ज में कमी से होगी बचत

पावर कंपनी से मिली जानकारी के अनुसार पहले अगर कोई उपभोक्ता बिजली बिल तय तारीख के एक-दो दिन बाद भी जमा करता था, तो उससे पूरे महीने का 1.5% लेट पेमेंट सरचार्ज लिया जाता था। यानी कम देरी होने पर भी पूरे महीने का अतिरिक्त शुल्क देना पड़ता था। इससे उपभोक्ताओं पर बेवजह आर्थिक बोझ बढ़ जाता था। लेकिन नियमों में बदलाव के बाद अब नई व्यवस्था के तहत पेमेंट का ज्यादा चार्ज रोजाना के हिसाब से लगेगा। इसके लिए 0.04% प्रतिदिन की दर तय की गई है। यानी जितने दिन बिल जमा करने में देरी होगी, उतने ही दिन का अतिरिक्त शुल्क देना होगा।

### देरी पर अब हर दिन के हिसाब से लगेगा विलंब अधिभार

उपभोक्ता का जितने का बिल होगा, उस बिल के हिसाब से अब विलंब अधिभार 0.04 प्रतिशत प्रतिदिन की दर से लिया जा रहा है। इसका मतलब है कि उपभोक्ता जितने दिन बिल जमा करने में देरी करेगा, उसे केवल उतने ही दिनों का शुल्क देना होगा। यदि चार हजार का बिल है तो एक दिन के 1.60 रुपए ही देने पड़ेंगे। इस हिसाब से जितने दिन विलंब होगा, उतने दिनों का पैसा लगेगा। पहले एक साथ एक माह का शुल्क लिया जाता था। अब एक माह का विलंब होने पर 1.2 प्रतिशत के हिसाब से चार हजार पर 48 रुपए ही लगेंगे।

# वाहन रोककर लूटपाट चार आरोपी पकड़े गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बीच सड़क में चार पहिया वाहन को रोककर लूट की घटना को अंजाम देने वाले आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस के अनुसार घुमका थाना क्षेत्र अंतर्गत 9 सितंबर को प्रार्थी संजय साहू 35 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 46 कोढीखाना रोड बसंतपुर ने थाना घुमका में रिपोर्ट दर्ज कराया कि ग्राम डुमरडीहखुर्द देवडोंगर चौक के पास मेन रोड पर सामने से आ रही काली रंग की एक थार चालक व उसके अन्य साथियों द्वारा डीआई योद्धा वाहन, मोबाइल फोन 2 नग व नगदी 3200 रुपए कुल कीमती 4,08,200 रुपए को लूटकर फरार हो गए कि सूचना पर अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध थाना घुमका में धारा 281, 296, 115(2), 351(2),309(6), 3(5) बीएनएस के तहत पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आरोपियों के कब्जे से घटना के दौरान प्रार्थी मुर्तजरर से लूटे हुए डीआई योद्धा वाहन, दो नग मोबाइल फोन व नगदी रकम 3200 रुपए कुल कीमती 4,08,200 रुपए तथा आरोपियों द्वारा घटना में प्रयुक्त महिन्द्रा थार वाहन व मोबाइल एवं अन्य सामग्री को बरामदगी की। पुलिस ने सभी 4 आरोपियों को 10 सितंबर को वैधानिक कार्रवाई करते रात्रि में गिरफ्तार किया। आज दिनांक को न्यायालय राजनांदगांव में न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

### सीसीटीवी फुटेज खंगाला

पुलिस के अनुसार इस मामले में विशेष संयुक्त पुलिस टीम का गठन किया गया। मुखबीर तंत्र की मदद, आसपास के सीसीटीवी फुटेज का सतत अवलोकन किए जाने व स्थानीय मुखबीर से प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने संदेहियों की कुछ महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त कर संदेही की पतासाजी हेतु चारों दिशाओं में पुलिस टीम भेजकर संदेही अनमोल चंदेल, खिलेश्वर साहू ऊर्फ बादल, जे. गौतम राव तथा लक्ष्मण ऊर्फ डोमा को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ करने पर उनके द्वारा लूट की घटना को अंजाम देना स्वीकार किया गया।

# सरपंच पर मकान तोड़ने के प्रयास का आरोप, आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले के सुरगी क्षेत्र स्थित ग्राम भोथीपार खुर्द नयापारा में सरपंच की मनमानी को लेकर शहर कांग्रेस अध्यक्ष के साथ सुरगी व सिंघोला क्षेत्र के कांग्रेस प्रतिनिधि एसडीएम कार्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने सरपंच द्वारा गांव के गरीब मजदूर का मकान तोड़ने कार्रवाई किए जाने का आरोप लगाया। कांग्रेस प्रतिनिधियों ने सरपंच द्वारा राजनीतिक पहुंच के चलते प्रशासन पर दबाव बनाते मकान तोड़ने प्रयासों पर कड़ी आपत्ति जताते नाराजगी व्यक्त की गई। पीड़ित कोमल विश्वकर्मा ने कहा कि सरपंच जितेन्द्र साहू द्वारा उनके साथ व्यक्तिगत द्वेष निकाला जा रहा है। पीड़ित ने कहा कि 12-13 मकान घास जमीन में है, लेकिन सरपंच द्वारा सिर्फ उसी का मकान तोड़ने कोशिश की जा रही है। जबकि उनके परिवार कई दशकों से वहां रह रहा है। पीड़ित ने कहा कि सरपंच द्वारा अपने मकान से आवागमन के लिए रास्ता मांगा जा रहा है, इसलिए उसका घर तोड़ने बिना किसी नोटिस के कार्रवाई की जा रही है ।

### किया योजनाओं से वंचित

इस मामले में पीड़ित के साथ एसडीएम कार्यालय पहुंचे शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार ने कहा कि सरपंच द्वारा गरीब व्यक्ति का मकान तोड़ने प्रयास किया जा रहा है। पुलिस और प्रशासन के लोग मकान तोड़ने दबाव बना रहे हैं। पीड़ित की गलती यह है कि सरपंच के घर के सामने उसका मकान है। जितेन्द्र मुदलियार ने कहा कि पीड़ित को शासकीय योजनाओं से भी वंचित किया जा रहा है। उन्होंने सरपंच पर आरोप लगाते कहा कि सरपंच द्वारा उसका प्रधानमंत्री आवास योजना रूकवा दिया गया और उज्जवला योजना का लाभ भी नहीं दिया गया। शहर कांग्रेस अध्यक्ष में चेतावनी देते कहा कि प्रशासन दबाव में कार्य करेगा तो बड़ा आंदोलन करेंगे।

# तीज पर्व मनाने नागपुर जा रही चिचोला निवासी मां और दो मासूम बच्चों की मौत

## भंडारा के पास खड़ी ट्रक से जा टकराई बोलेरो

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

महाराष्ट्र के भंडारा जिला अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-53 पर आज तड़के एक दर्दनाक सड़क हादसा देखने को मिला। साकोली से लाखनी की ओर जा रही एक तेज रफ्तार महिंद्रा बोलेरो वाहन द्वारका पेट्रोल पंप के पास हाईवे पर आ रहे आयशर वाहन से जा टकराई। इस भीषण सड़क दुर्घटना में कुल 8 यात्रियों की जान चली गई। जिनमें राजनांदगांव जिले के चिचोला क्षेत्र के एक ही परिवार के तीन लोग, जिनमें मां और दो मासूम बच्चे शामिल हैं। बताया गया कि यह सभी तीज पर्व मनाने के लिए नागपुर की ओर जा रहे थे।

लाखनी पुलिस स्टेशन से प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना 11 सितंबर की अलसुबह लगभग 3.31 बजे मौजा मुंडीपार सड़क के पास घटी। द्वारका पेट्रोल पंप से एक आयशर वाहन बिना सुरक्षा मानकों का पालन किए अचानक हाईवे पर आ गया। इसी दौरान पीछे से आ रही ओवरलोड महिंद्रा बोलेरो अनियंत्रित होकर आयशर से सीधे टकरा गई। टक्कर इतनी जबर्दस्त थी कि वाहन में सवार 8 लोगों की मौके व उपचार के दौरान मौत हो गई तथा 13 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। लाखनी पुलिस ने आयशर चालक, बोलेरो चालक और पेट्रोल पंप संचालक के खिलाफ लापरवाही का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### एक ही परिवार के तीन की मौत

भंडारा पुलिस प्रेसनोट के अनुसार दुर्घटना में जान गंवाने वालों में राजनांदगांव जिले के ग्राम चिचोला के तीन शामिल है। जिनमें गायत्री रूपेश उईके 30 वर्ष, स्वीटी रूपेश उईके 6 वर्ष और धैर्य रूपेश उईके 4 वर्ष सभी निवासी चिचोला जिला राजनांदगांव शामिल हैं। वहीं दुर्घटना में घायल हुए कुल 13 व्यक्तियों में से कोई भी राजनांदगांव जिले का निवासी नहीं है। घायल मुख्य रूप से कबीरधाम/कवर्धा, लोहारा एवं नागपुर क्षेत्र से हैं।

## सेक्टर स्तरीय महिला कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन

# चार जिले से पहुंची खिलाड़ी मैदान पर दिखा रही प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय में दो दिवसीय सेक्टर स्तरीय महिला कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में राजनांदगांव सहित कवर्धा, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी और खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के महाविद्यालयों से छात्राओं की टीम हिस्सा ले रही है।

राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिनिधित्व करने महाविद्यालयों की सेक्टर स्तरीय टीम बनाने के लिए शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में दो दिवसीय कबड्डी चयन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में छात्राओं की टीम अपनी खेल प्रतिभा का जौहर दिखा रही है। आयोजन को लेकर जानकारी देते शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के स्पोर्ट्स ऑफिसर अरूण चौधरी ने बताया कि जिला स्तर पर टीम बनाने के लिए दो दिवसीय महाविद्यालीन महिला कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। उन्होंने बताया कि शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय में महिलाओं की यहां प्रतियोगिता पहली बार आयोजित हो रही है। इससे पहले शासकीय कमलादेवी महाविद्यालय में यहां प्रतियोगिता आयोजित होती थी। उन्होंने बताया कि शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय में इस प्रतियोगिता के आयोजित होने से अन्य छात्राओं को भी प्रेरणा मिलेगी। इस उद्देश्य से यह आयोजन यहां किया जा रहा है।

### खिलाड़ियों में उत्साह

कबड्डी प्रतियोगिता के इस आयोजन में महाविद्यालयों में अध्ययनरत महिला खिलाड़ियों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। खासकर वनांचल क्षेत्र से पहुंची महिला खिलाड़ी पूरे दमखम के साथ प्रतियोगिता में हिस्सा ले रही है।

### 17 महाविद्यालय की टीम ले रही हिस्सा

11 से 12 सितंबर तक आयोजित इस कबड्डी प्रतियोगिता में चार जिले से 17 महाविद्यालयों की टीम हिस्सा ले रही है। इस प्रतियोगिता से जिला स्तर पर टीम बनने के बाद बिलासपुर क्षेत्र के मस्तूरी में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में उक्त टीम जिले का प्रतिनिधित्व करेगी। वहीं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता से टीम बनाई जाएगी, जो राष्ट्रीय स्तर पर राज्य का प्रतिनिधित्व करेगी।

माए एंगल

संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
डॉ. कल्याण श्याम वझलवार
हमारी बाल चिकित्सा देखभाल और सेवाएं
- टीकाकरण
- नेबुलाइजेशन
- ओ.पी.डी. (बाह्य रोगी विभाग)
- आई.पी.डी. (इनपेशेंट विभाग)
- CPAP सतत सकारात्मक वायुमार्ग दबाव चिकित्सा
- वेंटिलेटर
- एन.आई.सी.यू. नवजात गहन चिकित्सा इकाई
- पी.आई.सी.यू. बाल चिकित्सा गहन चिकित्सा इकाई
- बिलीकेयर टेस्ट गैर इनवेसिव बिलीरूबिन मापक
- ओटोअकॉस्टिक एमिशन टेस्ट (OAE)
- नवजात बच्चों की सुनने की क्षमता के लिए जाँचें

OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

## खबर संक्षेप

### उप सरपंच ने किया पौधरोपण

**मुरमुंदा।** मुदगांव के उप सरपंच पन्नालाल साहू ने अपने पिता सुराज राम साहू और मित्रों के साथ पोल के अवसर पर सड़क किनारे, तालाब के पास बरगद के पौधे का रोपण किया। उपसरपंच श्री साहू ने सभी ग्रामीणों ने अपने पूर्वज के नाम से पेड़ लगाने की अपील की है।

### विद्यार्थियों ने किया शिक्षकों का सम्मान

**कलकसा।** उच्चतर माध्यमिक शाला भंडारपुर में शिक्षक दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शुभारंभ के बाद विद्यार्थियों ने शिक्षकों का स्वागत किया। छात्र-छात्राओं ने मनमोहक सांस्कृतिक की प्रस्तुतियां दीं। मुख्य अतिथि उमा सिन्हा ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देने वाले विद्यार्थियों को नकद पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया। विशिष्ट अतिथि युधिष्ठिर जंघेल ने आयोजन के लिए 1001 रुपए की सहयोग राशि दी। अध्यक्षता राजेश सिन्हा ने की। संचालन संजना सिन्हा ने किया।

### रामनाम का जाप 14 और 15 को

**पटेवा।** ग्राम इरईकला में युवा उत्सव समिति एवं ग्रामवासियों के तत्वावधान में रामनाम सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन 14 एवं 15 सितम्बर को किया गया है। इस अवसर पर विभिन्न टोलियों द्वारा लगातार रामनाम का जाप किया जाएगा। आगामी 15 सितंबर को हवन के पश्चात राऊत नाच के साथ भगवान श्रीराम, श्रीकृष्ण की शोभायात्रा निकाली जाएगी। जगह जगह दही लूट का आयोजन किया जाएगा।

### देवभोग धान के उत्पादन का प्रशिक्षण

**कलकसा।** ठाकुरटोला के प्रगतिशील किसान महेंद्र कुमार वर्मा के खेत में गत दिनों सुगंधित धान देवभोग की खेती के संबंध में प्रशिक्षण आयोजित किया गया। कृषि विकास अधिकारी दिव्या डोंगरे, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी यीमा नेताम, ब्लॉक तकनीकी प्रबंधक हरीश देवहारी एवं सहायक तकनीकी प्रबंधक स्वाति मेश्राम ने किसानों का खेती के संबंध में जानकारी दी। किसानों को देवभोग का उत्पादन, बीजोपचार, उर्वरक प्रबंधन, खरपतवार नियंत्रण, कीट एवं रोग प्रबंधन, सिंचाई व्यवस्था आदि के बारे में बताया गया। अधिकारियों ने फसल की वर्तमान स्थिति का अवलोकन करते हुए जरूरी जानकारी दी।

### एथलेटिक्स में दिव्यांशी का चयन

**अर्जुनी।** प्रांत स्तरीय एथलेटिक्स अंडर 14 प्रतियोगिता का आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर करहींभदर में किया गया। प्रतियोगिता में दिव्यांशी देवराज पिता रामकुमार देवराज ने 100मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया। उसका वयन क्षेत्रीय प्रतियोगिता मध्यप्रदेश के लिए दूसरी बार हुआ है। उसके चयनित होने पर प्रधानाचार्य डामनदास जोशी, आचार्य आशा साहू, कुलेश्वरी, राधा इंदौरिया, प्रियंका देशमुख, इंद्रजीत साहू, भूपेश्वरी साहू, तोरण सोनकर, क्षमारानी, यामिनी साहू, बिंदु साहू, प्रीति यदु ने बधाई दी है। इसी प्रकार मुंगेली में आयोजित प्रांत स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में अर्जुनी की टीम ने कबीरधाम, कोंडागांव, सारंगढ़, जांजगीर चंपा को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल में टीम ने उपविजेता का खिताब हासिल किया। यह जानकारी क्रीड़ा प्रभारी तोरण सोनकर ने दी।

### सेवा पखवाड़ा की तैयारियों पर चर्चा

**डोंगरगढ़।** आगामी 15 सितंबर से 17 अक्टूबर तक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म उत्सव को लेकर मनाए जाने वाले सेवा पखवाड़ा को लेकर भाजपा की बैठक स्थानीय रेस्ट हाउस में आयोजित की गई। बैठक में पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, अमित जैन की उपस्थिति में कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई। पदाधिकारियों को जवाबदारी दी गई। इस दौरान कार्यकर्ता हर बूथ में 100 दीपक जलाएंगे। बैठक में सुरेन्द्रसिंग बन्नोआना, हरविंदरसिंग मंगे, लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, बिरेंद्र सोनी, बिसनाथ यादव, उमा महेश वर्मा, मधु अग्रवाल, विनय बंसल, योगेश अग्रवाल, विजेन्द्र ठाकुर, कमलेश काले, अर्चला सिंग, एके डिकेश राव, आकाश राजपूत, सर्फु खान, सत्यप्रकाश मिश्रा, जैन साहू, जस्मित सिंग बन्नोआना सहित अन्य मौजूद थे।

### निर्माण में बरती जा रही लापरवाही

**डोंगरगढ़।** चिचोला मार्ग पर बने ओवरब्रिज से जोड कर नीचे मंदिर मार्ग को सुगम बनाने के लिए वाय सेप ओवरब्रिज निर्माण किया जा रहा है। निर्माण की शुरूवात पिंजर पोल की जमीन से की गई है जिसकी गुणवत्ता पर सवाल उठने लगे हैं। निर्माण कार्य प्रातः 6 बजे शुरू हो जाता है। मजदूर सैंटरिंग और ढलाई करते है। इस दौरान कोई भी विभागीय अधिकारी मौजूद नहीं रहता है। काम की देखरेख ऐसे व्यक्ति द्वारा की जा रही है जिसे निर्माण कराने का कोई अनुभव नहीं है।

### श्री कृष्ण गौशाला कमेटी भंग

**डोंगरगढ़।** श्री कृष्ण गौशाला कमेटी की बैठक गत दिनों मारवाड़ी धर्मशाला में आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। वर्तमान कार्यकारिणी को भंग कर नए चुनाव कराने का प्रस्ताव किया गया। बैठक में प्रस्ताव पर सहमति जताते हुए चुनाव प्रक्रिया शुरू करने का निर्णय लिया। चुनाव कराने के लिए सिद्धगोपाल नरेडी, नितिन, विवेक मोनू भंडारी, राजेंद्र, नवदीप अग्रवाल, महावीर अग्रवाल एवं राकेश को मनोनीत किया गया। चुनाव प्रक्रिया में अग्रवाल समाज, जायसवाल समाज एवं माहेश्वरी समाज के अध्यक्षों को भी शामिल करना तय किया गया। बैठक में आगामी 30 दिनों की अवधि में सदस्यता अभियान चलाकर चुनाव कराना तय किया गया। बैठक में यह भी स्पष्ट किया गया कि साधारण श्रेणी की वर्तमान सदस्यता यथावत रहेगी।

## निधन

### यशोदा बाई जाम्भुलकर

**डोंगरगढ़।** कालकापारा निवासी यशोदा बाई जाम्भुलकर का निधन हो गया है। वह अशोक जाम्भुलकर, किशोर, प्रदीप, राजकुमार, दिलीप जाम्भुलकर की माता थी। उनका अंतिम संस्कार छिरपानी मुक्तिधाम में किया गया।

## प्रधानमंत्री आवास हुए पूर्ण, हितग्राहियों को सौंपा गया चाबी

# ब्लॉक के डेढ़ हजार परिवारों के घर का सपना हुआ साकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

गरीबों के घर के सपने का साकार करने वाली केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री आवास योजना के पूर्ण होने पर गृह प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। ब्लाक में अप्रैल 2026 से अब तक पूर्ण हो चुके 1,436 आवासों के हितग्राहियों को उनके सपनों का आशियाना सौंपा गया। इसी कड़ी में जनपद स्तरीय कार्यक्रम ग्राम पंचायत दर्री में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी की उपस्थिति में ग्राम पंचायत दर्री में नवनिर्मित 26 आवासों की पूजा-अर्चना की गई। अतिथियों ने वैदिक रीति-रिवाज से फीता काटकर और दीप प्रज्वलित कर हितग्राहियों को उनके नए घरों में प्रवेश कराया। इस भावुक और उल्लासपूर्ण क्षण में आवास पाने वाले परिवारों के चेहरे खुशी से खिल उठे।

### योजनाओं का लाभ उठाने की अपील

मारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्री गांधी ने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने ग्रामीणों को जागरूक करते हुए इन योजनाओं का बढ़-चढ़कर लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में उपस्थित कला जत्था की टीम ने नुक्कड़ नाटक और गीतों के माध्यम से प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का प्रचार किया। कला जत्थ अनूठी प्रस्तुति से प्रेरित होकर 6 हितग्राहियों ने अपना पंजीयन कराया।

### जमुनाबाई को सौंपी गई चाबी

कार्यक्रम के समापन पर पीएम र्यघर योजना का लाभ ले चुकी प्रधानमंत्री आवास योजना की हितग्राही जमुनाबाई पति गंगाराम कौशिक) को शाल, श्रीफल और प्रतीकात्मक चाबी भेंट कर सम्मानित किया गया। विकासखंड स्तरीय उत्सव में जनपद अध्यक्ष रंजिता पडौती, जिला भाजपा महामंत्री डिकेश साहू, मंडल उपाध्यक्ष योगेश पटेल, जनपद सदस्य हरिला साहू, मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोशनी भगत, सरपंच सुखदोधन, पंचायत सचिव, रोजगार सहायक सहित बड़ी संख्या में आवास हितग्राही और ग्रामीण उपस्थित थे।

### कर्मचारी और जनप्रतिनिधि सम्मानित

प्रधानमंत्री आवास योजना के प्रभावी क्रियान्वयन और मकानों को समय पर पूर्ण कराने में उत्कृष्ट योगदान देने वाले कर्मवीरों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सरपंच, उपसरपंच, रोजगार सहायक और आवास नोडल अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र देकर उनके काम की सराहना की गई।

## योग समिति ने किया शिक्षकों का सम्मान

**डोंगरगढ़।** पतंजलि योग समिति एवं महिला पतंजलि समिति ने शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षकों का सम्मान किया। सर्वप्रथम सर्वपल्ली राधाकृष्णन की पूजा अर्चना कर योगाचार्य डीसी ऐडे का सम्मान किया गया। तत्पश्चात हेमंत साहू, हंसराज साहू, मंथीरदास साहू, चिरंजीव लाल पटेल, संपत वर्मा, अमित वर्मा, श्रीनिवास जनबंधु, विश्वनाथ यादव, सुजाता साहू, अर्चना उजवने, मंजू धनकर, रूपा टेम्भुकर, गोदावरी साहू, रजनी भाटिया का सम्मान किया गया। शिक्षा दूत अलंकरण से सम्मानित अमित वर्मा को भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर अशोक शेंडे, डॉ बीपी चंद्राकर, उज्जैन वर्मा, संतोष लांजेवार, दिनेश यादव, कचरू साहू, भीष्म ठाकुर, संजय बोपचे, राजकुमार टोपा, मंजू पांडे, कुसुम सहारे, अशरफ जीवा, सतिका टेम्भुकर, मीना,लाउत्रे, सुनीता, बिंदु सहारे, निक्की नंदेश्वर, प्राची सहारे, सरिता नंदेश्वर, बबिता जनबंधु मौजूद थी।

## अंचल की जर्जर सड़कों की सुध नहीं ले रहा विभाग

**खुज्जी।** लोक निर्माण विभाग अंतर्गत आने वाली खुज्जी से देवरी रोड की हालत काफी खराब हो चुकी है। सड़क के दयनीय होने के बाद मरम्मत करने का प्रयास नहीं किया जा रहा है। इसी प्रकार

उमरवाही रोड की हालत भी बद से बदतर है। वनांचल को जोड़ने वाली इस सड़क के चौड़ीकरण की मांग कई दशकों से लंबित है। ग्रामीणों ने बताया कि जब कभी किसी मंत्री का आना होता है तब विभाग गड्ढों को पाटकर खामियों को छुपाने का प्रयास करता है।

भटगुना मार्ग की संकीर्ण पुलिया भी जर्जर हो चुकी है जो कभी भी दुर्घटना का सबब बन सकती है। अंचलवासियों ने सड़कों, पुल पुलियों की मरम्मत कराने की मांग लोक निर्माण विभाग से की है।

## प्लेटफॉर्म पर घूम रहे मवेशी

**डोंगरगढ़।** स्थानीय रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म पर मवेशियों के घूमने का मामला सामने आने से यात्रियों की सुरक्षा पर सवाल खड़े हो गए हैं। यात्रियों का कहना है कि प्लेटफॉर्म जैसे संवेदनशील स्थान पर मवेशियों की मौजूदगी किसी भी समय दुर्घटना का कारण बन सकती है। स्टेशन परिसर में मवेशियों के बेखौफ घूमने से यात्रियों को असुविधा के साथ-साथ सुरक्षा को लेकर भी चिंता बनी हुई है। रेलवे परिसर और रेलवे ट्रैक पर मवेशियों की आवाजाही रोकने के लिए सुरक्षा व्यवस्था और नियमित निगरानी जरूरी है। यात्रियों ने स्टेशन परिसर में मवेशियों के प्रवेश पर रोक लगाने, प्लेटफॉर्म की निगरानी बढ़ाने तथा आवश्यक सुरक्षा इंतजाम सुनिश्चित करने की मांग की है।

## छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा स्थापना आज, शहर में निकलेगी विशाल रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

शहर में छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना गंडई खंड के तत्वावधान में छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा की स्थापना कल 12 सितंबर को की जाएगी। इस आयोजन को लेकर शहर में उत्साह का माहौल है। छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना गंडई खंड के पदाधिकारियों एवं कार्यक्रताओं ने क्षेत्रवासियों को इस अनुष्ठान में शामिल होने का न्यौता दिया है।

आयोजन के तहत 12 सितंबर को सुबह 10 बजे देउर मंदिर टिकरीपारा से रैली निकाली जाएगी। यह रैली छत्तीसगढ़ संस्कृति के विभिन्न रंगों को समेटते हुए आगे बढ़ेगी। रैली के समापन के पश्चात गोड़वाना मैदान गंडई में सभा और मुख्य कार्यक्रम होगा। इस दौरान पंथी, सुआ, कर्मा और गड़वा बाजा की थाप पर छत्तीसगढ़ी नृत्य की प्रस्तुति होगी। छत्तीसगढ़ महतारी रथ के साथ आकर्षक रैली निकाली जाएगी। रात्रि में डोंगरगढ़ से आई दाई के दुलरवा जस झांकी पटपर की टीम झांकी प्रस्तुत करेगी।

## पोला पर्व में दिखा उत्साह, बैलों की हुई पूजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी

अमलीडीह में पोला के अवसर पर बीते 47 वर्षों से बैल दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष आयोजित स्पर्धा का शुभारंभ भाजपा नेता टोमन साहू ने पूजा-अर्चना कर किया। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता श्री साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ की संस्कृति और जन जीवन में पोला का विशेष महत्व है।

### हेमलता बनी चैम्पियन

प्रतियोगिता में हेमलता धनकर ने चार प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त कर चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। मुख्य अतिथि सरपंच ललिता साहू थी। अध्यक्षता पंचायत सचिव ने की। कार्यक्रम में नागेश धनकर, संजय सोनी, गणपति डकाई, हिमकल्याणी साहू, कांति हल्बा, ज्योति तिवारी, अर्जुन धनकर, शेखर कौशिक, भेदू देवांगन, अगरदास हल्बा, टाकेश्वरी साहू, पार्वती सोनकर, बिसाहिन देवांगन, पूर्णिमा, डीलेश देवांगन, संगी साहू, भूषण सोनकर, केमीन साहू, जमुना बाई साहू सहित अन्य मौजूद थे। संचालन दुर्गेश सिन्हा, आशीष साहू ने किया।

### विभिन्न खेलों में दिखा उत्साह

इसी क्रम में अर्जुनी में पोला उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुर्सी दौड़, फुगड़ी, जलेबी दौड़, बोरा दौड़, गोला फेंक, नारियल फेंक, गोली चम्मच, रस्सी खींच एवं कुर्सी दौड़ का आयोजन किया गया।

## आवाजाही को बाधित कर रहे सड़कों पर खड़े वाहन

**खड़गांव।** क्षेत्र की सड़कों में इन दिनों ग़लत तरीको से वाहन को खड़ा किया जा रहा है जिसके चलते दुर्घटना होने का भय बना रहता है। गायों की होने वाली मौत का कारण भी गलत तरीके से खड़े होने वाले वाहनों को माना जा रहा है। पुलिस विभाग द्वारा यातायात व्यवस्था को लेकर लगातार आमजनों को जागरूक किया जा रहा है और यातायात व्यवस्था को मजबूत करने का प्रयास किया जा रहा है किन्तु वाहन चालकों की इस लापरवाही के कारण अपेक्षित सफलता नहीं मिल रही है।

## नीरज विद्या मंदिर में स्वच्छता अभियान

■ बच्चों को किया गया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

स्वच्छता पखवाड़ा अंतर्गत नीरज विद्या मंदिर परिसर में स्वच्छता गतिविधि का आयोजन किया गया। इको क्लब द्वारा आयोजित कार्यक्रम में कक्षा 7वीं एवं 8वीं के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस मौके पर विद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया और विद्यार्थियों को स्वच्छता के महत्व से अवगत कराते हुए अपने आसपास के वातावरण को साफ रखने के लिए प्रेरित किया गया। इको क्लब की उपाध्यक्ष गौरवी चंद्रवंशी ने स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को निभाने की शपथ दिलाई। वहीं सचिव ओजस पटेल ने स्वच्छता गतिविधि को जिम्मेदारी के साथ निभाने प्रेरित किया। कोषाध्यक्ष पूजा अग्रवाल ने कार्यक्रम को संचालित करने में सहयोग दिया। यह आयोजन में इको क्लब की प्रभारी रेखा एवं प्रभारी शिक्षक श्री चेतन के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम में आकृतिसिंह परिहार, अर्पिता मानकर, शाहला निगार, जाह्नवी सिन्हा, कविश साहू, ओजल साहू, हुनर मिलिंद, रेयांश साहू, प्रियांशी सिन्हा, यश सिंह, प्रियांशु मलगम, अनुष्का जैन, मौलिक डेहरिया, दिव्यांश निर्मल, नूपुरश्री खरे, प्रीति नायक, कनिका साहू, वृद्धि सलामे, दिशा कश्यप, वैष्णवी मंडावी शामिल हुए।

HEALTH TOWN

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मैटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएँ
• गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
• एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
• सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
• बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
• आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
• TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

BHASKAR EYE CARE
भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
डॉ. दिलीप लालवानी
नेत्र रोग विशेषज्ञ
फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON
ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

पाइल्स
क्षार सूत्र विशेषज्ञ, 15000 से ऊपर सफल चिकित्सा, देश-विदेशों में भी प्रचलित।
समय : सुबह 9.30 से रात 8.00 बजे तक
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(25 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
9039050422, 9179455561
सरस्वती दाल मिल के सामने, गली नं. 3, अशोक विहार, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, फाफाडीह मेन रोड, रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

### कार्यस्थल पर यथास्थिति बनाए रखने का नोटिस चस्पा

# एडवर्ड पार्क में निर्माण जारी, नपा नोटिस जारी कर खानापूर्ति में मस्त

## रसूखदारों के सामने नगर पालिका नतमस्तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

एडवर्ड पार्क प्रकरण में यथास्थिति बनाए रखने जॉच समिति के निर्देश पर जारी आदेश के परिपालन में नगर पालिका प्रथमदृष्टया रसूखदारों के सामने नतमस्तक लग रहा है।

लगभग तीन महीने पहले राजनांदगांव कवर्धा रोड पर सिविल कोर्ट के सामने की जमीन खसरा नंबर 167,169 और 170 जो कि नजूल भूखंड क्रमांक 114 व 115 है उसकी शिकायत जॉच में अवैध प्लाटिंग की पुष्टि होने के बाद सितबंर 25 में नपा को कलेक्टर से अनुमोदनार्थ कारवाई का ओदश जारी किया गया था, लेकिन साल भर उस दिशा में किसी भी प्रकार की कारवाई नगर पालिका नही कर पाया।

कुछ दिन बाद वादस्थल को सरकारी जमीन होने की प्रमाणित शिकायत जॉच दौरान कमिश्नर के निर्देश पर एडीएम की अध्यक्षता में गठित जॉच समिति ने 12 जून को नोटिस जारी कर यथास्थिति बनाए रखने का नोटिस कार्यस्थल पर चस्पा कर दिया था उसमें विशेष रूप से अनापत्ति प्रमाणपत्र जारी करते समय अंकित कंडिका 15 का उल्लेख करते हुए कहा कि अवैध प्लाटिंग का हिस्सा पाए जाने पर एनओसी तत्काल प्रभाव से निरस्त हो जाएगी।

इसके अलावा नोटिस में यह भी लिखा गया कि जॉच टीम का प्रतिवेदन मिलने तक निर्माण कार्य यथास्थिति में रहे, लेकिन विडंबना देखिए कि तीन महीने पहले जिस जगह पर नपा अमले ने नोटिस चस्पा किया तब उसकी नींव का कालम खड़ा था और आज वहॉ डीपीसी बाद लगभग बेस लेबल तक काम हो गया।

### गरीबों का मकान हटाने आगे रहने वाले गायब

एडवर्ड पार्क मामले में यथा स्थिति बनाए रखने जॉच समिति के निर्देश बाद भी रसूखदारों के सामने पूरा नगर पालिका अमला बेबस नजर आ रहा है। रसूखदार धड़ल्ले से आदेश की अवहेलना कर काम करा रहे और कारवाई करने वाले जिम्मेदार औपचारिकता निभा रहे है। दर्जनों बार काम जारी होने की मौखिक और लिखित सूचना देने के बाद भी नपा किस वजह से कारवाई करने की जगह बगले झांक रहा लोगों को समझ नही आ रहा है। तीन महीने पहले एडवर्ड पार्क के ठीक सामने आधा दर्जन से ज्यादा छोटे बड़े दुकानदारों को आवाजाही में समस्या होने का हवाला देते हुए नपा प्रशासन ने ठेलों और गुमटियों को जमींदोज करते हुए जेसीबी चला दिया था आज ठीक उसी जगह के ठीक सामने वाली जमीन की शिकायत जॉच पर समिति द्वारा यथास्थिति बनाए रखने के आदेश के पालन को लेकर नपा कटघरे में है। नपा की कार्यशैली को लेकर सवाल उठ रहा है कि क्या नियम छोटे गरीब तबके के लोगो के लिए है जिनके मकान दुकान को कभी अतिक्रमण तो कभी आवाजाही में दिक्कत के नाम पर बुलडोजर से ढहा दिया जाता है और जब जांच समिति ने जॉच पूरी होने तक यथा स्थिति बनाए रखने कहा है तो क्यो नपा जानबूझकर रसूखदार को निर्माण काम कराने दे रही है हालांकि मामले में गठित समिति कई बार नपा सीएमओ को फटकार लगा चुकी है लेकिन इसके बाद भी नपा प्रशासन की रसूखदार पर रहमदिली और जिम्मेदारी से कोताही किसी के पल्ले नही पड़ रही है।

### अंतिम नोटिस जारी

यथास्थिति बनाए रखने कर्मचारियों की टीम बनाई गई है। काम चालू है तो नियमत: बंद कराने की जिम्मेदारी उनकी है। अंतिम नोटिस जारी कर 48 घंटो के भीतर काम बंद करने कहा गया है।

\- **पुनीतराम वर्मा,** सीएमओ नपा

### एनओसी की शर्ते मनवाने में नाकाम हो रही नपा

शहरी क्षेत्र में मकान दुकान निर्माण से पहले नगर पालिका से भूस्वामी को एनओसी लेना पड़ा है जिसमे नपा 18 कंडिकाओं में शर्त होती है। उक्त एनओसी में कंडिका आठ में भी इस बात का उल्लेख है कि एनओसी जारी होने की तिथि से प्रमाणपत्र एक साल के लिए ही मान्य होगा समयावधि के भीतर निर्माण कार्य नही कराए जाने पर नवीनीकरण कराने के बाद ही काम चालू करना होगा, लेकिन एडवर्ड पार्क में जिन रसूखदारों का निर्माण कार्य जारी है उसमें से ज्यादातर से 23/24 में एनओसी लिया है। शर्त अनुसार इस स्थिति में भी काम नही कराया जा सकता, लेकिन विडंबना कहे या फिर नपा के जिम्मेदारों में इच्छाशक्ति की कमी कहे काम खुलेआम निर्बाध तरीके से जारी है और तो और इस प्रकरण में यथास्थिति बनाए रखने बकायदा नपा कर्मियों का पांच सदस्यीय दस्ता बना हुआ है जिनका काम है एडवर्ड पार्क मामले में समिति का प्रतिवेदन नही मिलने तक यथास्थिति बनी रहे और किसी प्रकार का निर्माण कार्य ना हो लेकिन दस्ते में शामिल कर्मी भी रसूखदारों के आगे बौने साबित हो रहे है। पता चला है कि 18 अगस्त को नपा ने दुबारा नोटिस जारी कर जिस स्थिति में भवन निर्माणाधीन है उक्त स्थिति में बनाए रखने कहा है, लेकिन किंतु परंतु में पेंच इस कदर फंसा है कि कोई अपने ही नियम को मनवाने की हिम्मत नही जुटा पा रहा। इसी बीच नपा ने तीसरा और अंतिम नोटिस जारी कर 48 घंटे के भीतर काम बंद करने कहा है लेकिन इस नोटिस का हाल भी पुराने नोटिस की तरह कचरे के ढेर में जाने की संभावना ज्यादा है।

# मंत्री राजवाड़े ने जालबांधा, सलोनी के आंगनबाड़ी केंद्रों का किया निरीक्षण

## गर्भवती महिलाओं की गोदभराई, बच्चों का कराया अन्नप्राशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

- बच्चों से बातचीत कर उनकी गतिविधियों व देखभाल सहित शिक्षा की ली जानकारी

मबाविवि और समाज कल्याण मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने जिला प्रवास के दौरान ब्लाक के ग्राम जालबांधा व सलोनी पहुंचकर आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने जालबांधा आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों से बातचीत कर उनकी गतिविधियों, सीखने की प्रक्रिया व प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल सहित शिक्षा की जानकारी ली।

बच्चों से विभिन्न प्रश्न पूछकर उन्होंने उनके उत्साह और आत्मविश्वास की सराहना की। सलोनी आंगनबाड़ी केंद्र में भी उन्होंने इन्हीं गतिविधियों का जायजा लिया। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को बच्चों की आयु के अनुरूप खेल-खेल में सीखने, गतिविधि आधारित शिक्षा तथा केंद्र के वातावरण को बच्चों के अनुकूल बनाए रखने पर जोर दिया। जालबांधा आंगनबाड़ी केंद्र परिसर में ही नवमें राष्ट्रीय पोषण माह के तहत आयोजित कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं की गोदभराई रस्म में शामिल होकर उन्हें सुपोषण किट वितरित किया वही बच्चों के अन्नप्राशन कराया।

सक्षम योजना अंतर्गत दो महिलाओं को ऋण सहायता का चेक भी दिया। उन्होंने कहा कि बच्चों के मानसिक एवं शारीरिक विकास की नींव प्रारंभिक अवस्था में ही रखी जाती है, जिसमें आंगनबाड़ी केंद्रों की महत्वपूर्ण भूमिका है। कुपोषण को कम करने के लिए गर्भावस्था से ही माताओं के खान-पान पर विशेष ध्यान देना जरूरी है। उन्होंने बच्चों को प्रोटीन एवं पोषक तत्वों से भरपूर संतुलित आहार देने, अभिभावकों को बच्चों के साथ पर्याप्त समय बिताने, उनसे बातचीत करने तथा मोबाइल के अत्यधिक उपयोग से बचाने की अपील की।

### अभियान को बढ़ावा देने की अपील

मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने पोषण माह के अंतर्गत 9 सितंबर से 8 अक्टूबर तक आयोजित होने वाली विभिन्न गतिविधियों का उल्लेख करते हुए कहा कि पोषण संबंधी जागरूकता केवल आंगनबाड़ी केंद्रों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए बल्कि प्रत्येक घर तक पहुंचनी चाहिए। उन्होंने हर घर मुनगा, घर घर मुनगा अभियान को बढ़ावा देने की अपील करते हुए स्थानीय स्तर पर उपलब्ध मूंगा, हरी सब्जियों व अन्य पौष्टिक खाद्य पदार्थों को बच्चों के भोजन में शामिल करने का आग्रह किया। उन्होंने महिलाओं से स्वयं पोषण के प्रति जागरूक होने, परिवार व आसपास की महिलाओं को भी इसके लिए प्रेरित करने की अपील की। उन्होंने कहा कि स्वस्थ मां से स्वस्थ बच्चे का आधार तैयार होता है और स्वस्थ बच्चे ही सशक्त समाज की नींव बनते हैं।

### प्रयासों की सराहना

आगामी तीज पर्व के अवसर पर भी पोषण जागरूकता से जुड़ी गतिविधियों को बढ़ावा देने की बात कही। जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कहा कि मबाविवि मंत्री श्रीमती लक्ष्मी रजवाड़े महिलाओं और बच्चों के हित में सक्रियता के साथ कार्य कर रही हैं। उन्होंने महिला सशक्तिकरण, स्व-सहायता समूहों को मजबूत करने और महिलाओं को अधिक स्वावलंबी बनाने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। प्रभारी कलेक्टर जिपं सीईओ प्रेम कुमार पटेल ने विभाग की प्रमुख योजनाओं एवं गतिविधियों की संक्षिप्त जानकारी दी। इस दौरान जिपं सदस्य भुनेश्वरी देवांगन, पूर्व जिपं सभापति घम्मन साहू, जालबांधा सरपंच संतोषी जयराम वर्मा, पीआर खुटेल, सुनील बंजारे, रंजना श्रीवास्तव सहित महिला एवं बाल विकास एवं समाज कल्याण विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, पर्यवेक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाएं, गर्भवती महिलाएं एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं उपस्थित थी।

# आडिटोरियम में गूंजा साइबर सुरक्षा का संदेश, कैबिनेट मंत्री ने लोगों से की अपील

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

- लोगों से साइबर अपराधों के प्रति सजग रहने की अपील की

साइबर अपराधों के प्रति आम लोगों में जागरूकता बढ़ाने के राजकुमारी इंदिरा कला संगीत विवि के ऑडिटोरियम में साइबर जागृति अभियान अंतर्गत मबाविवि मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के मुख्य आतिथ्य में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम अध्यक्ष आईजी अजय यादव थे। विशिष्ट अतिथियों के रूप मे कुलपति प्रोडॉ लवली शर्मा, जिपं अध्यक्ष प्रियंका ताम्रकार, जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, डीएफओ संजय यादव व जिपं सीईओ प्रेमकुमार पटेल मौजूद थे। मुख्य अतिथि मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने छात्र-छात्राओं, आम नागरिकों, जनप्रतिनिधियों सहित आडिटोरियम मे मौजूद लोगों से साइबर अपराधों के प्रति सजग रहने और समाज में साइबर जागरूकता फैलाने की अपील की। उन्होंने साइबर फ्रॉड के अलावा अन्य प्रकार के साइबर अपराधों से बचने के लिए आवश्यक सावधानियों व दिशा-निर्देशों की जानकारी दी। मंत्री राजवाड़े ने युवाओ को मोबाईल की तकनीक का उपयोग ज्ञानार्जन के लिए करने कहा।

### लोगों को किया जागरूक

खचाखच भरे आडिटोरियम मे लोगों को डिजिटल माध्यमों का सुरक्षित उपयोग करने, अनजान लिंक, संदिग्ध कॉल से सावधान रहने, बैंक संबंधी गोपनीय जानकारी किसी के साथ साझा नहीं करने के लिए जागरूक किया गया। मुख्य अतिथि लक्ष्मी राजवाड़े, आईजी अजय कुमार यादव सहित अन्य अतिथियों द्वारा सेल्फी लेकर साइबर जागरूकता का संदेश प्रसारित किया गया। साथ ही उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं आमजन से भी सेल्फी के माध्यम से साइबर अवेयरनेस फैलाने की अपील की गई। एसपी लक्ष्य विनोद शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस दौरान भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य घम्मन साहू जनपद अध्यक्ष डॉ राजेश्री त्रिपाठी, नपा अध्यक्ष गिरजा चंद्राकर सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### अपराधों का स्वरूप बदला

कार्यक्रम अध्यक्षता आईजी राजनांदगांव रेंज अजय कुमार यादव ने कहा कि वर्तमान समय में अपराधों की प्रकृति तेजी से बदल रही है। पहले जहां पारंपरिक अपराध अधिक देखने को मिलते थे, वहीं अब साइबर अपराधों का स्वरूप तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि नए प्रकार के अपराधों से बचाव के लिए साइबर सुरक्षा सहित डिजिटल व्यवहार के प्रति जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि जिला पुलिस द्वारा साइबर अपराधों की बदलती प्रकृति को ध्यान में रखते हुए लगातार साइबर जागरूकता अभियान संचालित कर आमजन, विद्यार्थियों व युवाओं को साइबर अपराधों से बचाव के उपायों के प्रति निरंतर जागरूक किया जा रहा है।

# कॉलेज में राष्ट्रीय खेल दिवस आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शासकीय कमलादेवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मेजर ध्यानचंद की स्मृति में 29 से 31 अगस्त तक तीन दिवसीय राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन किया गया।

राष्ट्रीय खेल दिवस के तहत 29 अगस्त को महाविद्यालय और स्कूल की छात्राओं के बीच कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित की गई। रोमांचक मुकाबले में स्कूल की छात्राओं ने जीत दर्ज की। 30 अगस्त को भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के संयुक्त तत्वावधान में सुबह 8 बजे दिग्विजय स्टेडियम से साइकिल रैली निकाली गई। इसमें साई और कमला कॉलेज के खिलाड़ियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। बास्केटबॉल प्रशिक्षक पंकज पांडे और महाविद्यालय की क्रीड़ाधिकारी डॉ. नीता एस. नायर ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर हिमांशु यादव, दीपक सोनटके सहित साई के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

### खिलाड़ी एवं प्रशिक्षक का सम्मान

आयोजन के अंतिम दिन 31 अगस्त को अंतर्राष्ट्रीय हैंडबॉल खिलाड़ी एवं प्रशिक्षक शबनम अंसारी का सम्मान किया गया। उन्हें प्राचार्य और महाविद्यालय परिवार की ओर से श्रीफल, शॉल और प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन करते क्रीड़ाधिकारी डॉ. नीता एस. नायर ने कहा कि खेलो इंडिया और फिट इंडिया मूवमेंट जैसी पहल से युवाओं को खेलों से जुड़ने के नए अवसर मिल रहे हैं। प्राचार्य डॉ. अंजली अवधिया ने छात्राओं को कम से कम एक खेल में भाग लेने और लक्ष्य निर्धारित कर उसे हासिल करने निरंतर प्रयास करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. निवेदिता ए. लाल, डॉ. केके द्विवेदी, क्रीड़ा समिति के संयोजक आलोक कुमार जोशी, अमरनाथ निपाद, रामकुमारी धुर्वा सहित महाविद्यालय के अन्य शिक्षक-कर्मचारी और बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रही।

### मुरमुंदा में दही हांडी प्रतियोगिता 13 को

**मुरमुंदा।** गांव में श्री राम भक्त युवा समिति द्वारा आगामी 13 सितंबर को बाजार चौक में दाही हांडी का आयोजन किया गया। राम भक्त युवा समिति के सदस्य राकेश यादव, जमीद भोयर ने बताया कि आयोजन में दही हांडी क्रेन में टांगी जाएगी। विजेता टीम को 55555 रुपए एवं शील्ड दिया जाएगा। यहां आयोजित कार्यक्रम में गोंदिया, रायपुर, नागपुर, बिलासपुर आदि शहरों की टीम शामिल होती है।

# पूजा अर्चना बाद कराया पीएम आवास में गृहप्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

ब्लाक के देवरी में प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण योजना अंतर्गत नवनिर्मित आवासो में हितग्राहियों का गृह प्रवेश कराया गया। विधिवत पूजा अर्चना कर नवनिर्मित पक्के आवास में प्रवेश कार्यक्रम दौरान सरपंच गंगोत्री वर्मा ने कहा कि आवास योजना ग्रामीण परिवारों के पक्का घर के सपने को साकार करने कि दिशा मे एक महत्वपूर्ण कदम है।

पंचायत सचिव नाजनीन नियाजी ने बताया कि केंद्र सरकार हों या राज्य सरकार, शासन की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का ग्राम स्तर पर क्रियान्वयन और हितग्राहीयों से सम्बंधित कार्य हमारा मूल उदेश्य और प्राथमिकता है। हितग्राहियों ने प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए शासन सहित लाभ दिलाने वाले ग्राम पंचायत का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर उप सरपंच विनोद वर्मा, रोजगार सहायक रामसुख कंवर, पंच तेजराम वर्मा, हरलाल केलकर, पंचायत के वार्ड प्रतिनिधियो सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

## मैदान में हजारों की संख्या में जुटे लोग, 44 सालों से जारी है बैल दौड़

# इमरान खान के बैलों ने जीती प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

पोला पर्व के अवसर पर फतेह मैदान में बैल दौड़ का प्रसिद्ध आयोजन हुआ। नगर पोला उत्सव समिति के संयोजन में बीते 44 सालों से लगातार आयोजित हो रहे उक्त स्पर्धा में हर साल की तरह इस साल भी बैल दौड़ का आनंद उठाने हजारों की संख्या में नागरिकों की भीड़ उमड़ी।

आयोजन के मुख्य अतिथि जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह रहे, जबकि अध्यक्षता नपा अध्यक्ष गिरजा नंद चंद्राकर ने की। विशिष्ट अतिथियों के रूप मे प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य घम्मन साहू, नीलिमा गोस्वामी, दिनेश वर्मा, रामाधार रजक, गोरेलाल वर्मा, विनय देवांगन, रूपेंद्र रजक, देवीन कोठले, जिला भाजयुमो अध्यक्ष आयश सिंह, ऋषभ सिंह, नंद चंद्राकर, डोरेलाल साहू, अनीश सिंह सहित अन्य मौजूद थे। अतिथियों के साथ पं. मंगलानंद झा ने पशुधन की पूजा-अर्चना की जिसके बाद बैल दौड़ की शुरुआत हुई जिसमें 48 बैल जोड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम अमलीडीहखुर्द के ईमरान खान को 11 हजार रुपए नगद और कृषि सामग्री प्रदान की गई। दूसरे स्थान पर आए मुस्का के श्याम साहू को 7 हजार रुपए नगद व कृषि सामग्री दी गई। तीसरे स्थान पर अमलीडीहखुर्द के बिट्टू खान की बैल जोड़ी रही, जिन्हें 5 हजार रुपए नगद व कृषि सामग्री प्रदान की गई। प्रतियोगिता में बैल सजावट के लिए धरमपुरा के राजू सिन्हा और स्वस्थ बैल जोड़ी का पुरस्कार पिपरिया के छोटा खान की बैल जोड़ी को दिया गया। दोनों श्रेणियों में 3100-3100 रुपए का पुरस्कार सहित कृषि उपकरण प्रदान किया गया।

### ऐतिहासिक आयोजन के हजारों बने साक्षी

मुख्य अतिथि विक्रांत सिंह ने 44 वर्षों से चली आ रही परंपरा को बनाए रखने के लिए नगर पोला उत्सव समिति व न्यू दंतेश्वरी स्पोर्टिंग क्लब का आभार जताते हुए कहा कि खैरागढ़ का पोला और बैल दौड़ प्रतियोगिता सालभर के सबसे बड़े और ऐतिहासिक आयोजनों में शामिल है, जिसमें हर साल हजारों की संख्या में लोग देखने पहुंचते हैं। यह कृषकों के सम्मान का पर्व हैं इस दिन बेहतर फसल की कामना के साथ अन्न देवता और पशुधन में श्रेष्ठ बैलों की पूजा होती हैं। ऐसा भव्य आयोजन और कहीं नहीं होता। नपा अध्यक्ष गिरजा चंद्राकर ने भी आयोजन समिति को बधाई देते हुए कहा कि आधुनिक और मशीनी कृषि के दौर में भी इतनी बड़ी संख्या में बैल जोडि़यों का प्रतियोगिता में शामिल होना सराहनीय है। प्रतियोगिता से पहले न्यू दंतेश्वरी स्पोर्टिंग क्लब खैरागढ़ और एनएफसी डोंगरगढ़ के बीच मैत्री फुटबॉल मैच खेला गया। मुकाबले में खैरागढ़ की टीम ने डोंगरगढ़ को 2-0 से शिकस्त दी। इस दौरान आयोजन समिति अध्यक्ष सुशीलकांत पांडे, सचिव प्रबल खत्री, कन्हैया पटेल, जमीर कुरैशी, सुभाष चावड़ा, अभिलेख सिंह, शुभम ठाकुर, शिवांश बहादुर सिंह, हर्षदीप सिंह, अखिल सिंह, नीरज खत्री, सचिन पटेल, राहुल सिंह, अमन यादव, सितांशु गुप्ता, आकाश चौहान सहित अन्य मौजूद थे।

# सालभर में ही बुझने लगी लाखों की हाईमास्ट, शिकायत बाद भी सुधार नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

शहर के प्रमुख स्थानों को रोशन करने के लिए नगर पालिका द्वारा लगाई गई हाईमास्ट लाइटें सालभर भी ठीक से नहीं चल पाईं। दंतेश्वरी मंदिर, जयस्तंभ चौक, गोलबाजार और इतवारी बाजार में लगाई गई हाईमास्ट लाइटों में कहीं एक, कहीं दो तो कहीं तीन लाइटें खराब होने की शिकायत सामने आई है। कई स्थानों पर रोशनी भी काफी कम हो गई है। इससे रात में हाईमास्ट का पूरा क्षेत्र रोशन नहीं हो पा रहा है।

पता चला है कि एक हाईमास्ट लाइट पर लगभग 6.50 लाख रुपए खर्च हुआ हैं। बताया जा रहा है कि लाइटें सांसद संतोष पांडेय की अनुशंसा से मिली थी। लाखों रुपए की लागत से लगाई गई इन लाइटों के इतनी कम अवधि में खराब होने से अब इनकी गुणवत्ता लेकर सवाल उठ रहा हैं। करीब तीन से चार महीने से कहीं लाइट बंद है। वारंटी के दौरान खराब हुई लाइटों के अब तक सुधार नहीं होने से मामला चर्चा में है।

### ठेकेदार को लेकर भी उठ रहा सवाल

हाईमास्ट लाइट के काम से जुड़े ठेकेदार अमित चंद्राकर को लेकर भी सवाल उठ रहा हैं। बताया जाता है कि अमित चंद्राकर नपा अध्यक्ष गिरजा चंद्राकर का भतीजा है। हालांकि केवल रिश्तेदारी किसी अनियमितता का प्रमाण नहीं है, लेकिन वारंटी अवधि में खराब हुई लाइटों के सुधार में देरी को लेकर नगर पालिका से स्थिति स्पष्ट करने की मांग उठ रही है। शहरवासियों का कहना है कि सार्वजनिक राशि से लगाए गए उपकरणों की गुणवत्ता और रखरखाव पर ध्यान दिया जाना चाहिए। अब सीएमओ द्वारा फाइल मंगाकर गारंटी-वारंटी की शर्तें देखने और जल्द सुधार का आश्वासन दिए जाने के बाद हाईमास्ट लाइटों से भरपूर रोशनी मिलने का इंतजार है।

### क्रेन आने का मिलता रहा आश्वासन

पार्षद दीपक देवांगन ने बताया कि हाईमास्ट लाइटों के खराब होने और कम रोशनी की शिकायत नगर पालिका के सीएमओ और इंजीनियर से कई बार की गई है। शिकायत के बाद उन्हें यह बताया जाता रहा कि बड़ी क्रेन आने के बाद हाईमास्ट को उतारकर सुधार किया जाएगा, लेकिन अब तक सुधार नहीं होने से लोगों को परेशानी हो रही है। वही नगर पालिका सीएमओ पुनीतराम वर्मा ने कहा कि फाइल में गारंटी-वारंटी और जो भी नियम शर्तें हैं, उन्हें देखने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। हाईमास्ट लाइटों में जल्द से जल्द सुधार कराया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### विहिप ने मनाया स्थापना दिवस

राजनांदगांव। विश्व हिंदू परिषद के स्थापना दिवस पर चिखली बस्ती के शांतिनगर और भनपुरी प्रखंड में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।

इसमें विहिप कार्यकर्ताओं के साथ हिंदू समाज के लोगों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम में भगवान श्रीराम, भारत माता और विश्व हिंदू परिषद के ध्येय का स्मरण किया गया। इस दौरान समाज की एकता, सेवा और संस्कारों को मजबूत करने का संकल्प लिया गया। वक्ताओं ने कहा कि विश्व हिंदू परिषद समाज के विभिन्न वर्गों को साथ लेकर हिंदू समाज की एकजुटता, सेवा और संस्कृति के संरक्षण के लिए लगातार कार्य कर रहा है। कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश अग्निहोत्री, जिला मंत्री त्रिगुण सादानी, सह मंत्री अंकित खंडेलवाल, बजरंग दल के जिला संयोजक राहुल बलदेव मिश्रा, युवराज सिन्हा सहित अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने भी सहभागिता की।

### छात्रावास में साक्षरता दिवस कार्यक्रम आयोजित

राजनांदगांव। शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के 100 सीटर कन्या छात्रावास में शुक्रवार को प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता एवं

छात्रावास प्रभारी डॉ. बीएन जागृत के निर्देशानुसार अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस का कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस अवसर पर लोकेश्वरी साहू ने छात्राओं को संबोधित करते कहा कि साक्षरता का अर्थ केवल लिखना-पढ़ना नहीं, बल्कि अपने अधिकारों को जानना और सही-गलत की पहचान करना है। उन्होंने भारत की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले के जीवन संघर्ष एवं नारी शिक्षा में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। इस दौरान छात्रावास की 95 छात्राएं उपस्थित रहीं। अंत में छात्राओं को प्रेरित करते कहा गया कि किताब से बड़ा कोई साथी नहीं और शिक्षा से बड़ा कोई गहना नहीं। तत्पश्चात कार्यक्रम का समापन किया गया।

### शोधपीठ के समन्वयक बने प्रो.एम हसीन खान

राजनांदगांव। महापंडित राहुल सांकृत्यायन के जीवन, साहित्य और बहुआयामी व्यक्तित्व के व्यापक एवं समग्र अध्ययन को बढ़ावा देने के

लिए महाराजा सुहेल देव विश्वविद्यालय आजमगढ़ में स्थापित राहुल सांकृत्यायन शोधपीठ के समन्वयक की जिम्मेदारी प्रोफेसर एम. हसीन खान को सौंपी गई है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर संजीव कुमार ने उन्हें नियुक्त आदेश प्रदान करते हुए बधाई और शुभकामनाएं दी है। प्रो. एम. हसीन खान वर्तमान में श्री गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मालटारी आजमगढ़ के हिंदी विभाग में प्रोफेसर एवं अध्यक्ष हैं। साहित्य और भाषा के क्षेत्र में सक्रिय प्रो. खान की पहचान एक युवा साहित्यकार, कवि, लेखक और भाषाविद् अध्यापक के रूप में है। प्रो. एम. हसीन खान राजनांदगांव से स्कूली शिक्षा के बाद वहां के शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय से बीए की शिक्षा राधाबल्लभ जानी स्वर्ण पदक के साथ पूरी की। इसके बाद पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर से एमए हिंदी में गोल्ड मेडल हासिल किया। उन्होंने बीएड, नेट और पीएचडी की उपाधियां भी प्राप्त की। उच्च शिक्षा के दौरान उन्हें नेशनल स्कॉलरशिप भी मिली। उच्चतर लोक सेवा आयोग उत्तर प्रदेश से सहायक प्राध्यापक के रूप में चयन होने के बाद उनकी नियुक्ति उत्तरप्रदेश के आजमगढ़ जिले के श्री गांधी पीजी कालेज में हुई। साहित्य के क्षेत्र में प्रो. खान की कई पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी है।

### महापौर का किया सम्मान

राजनांदगांव। रैनबो फिंगर्स वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा न्यूरोडायवर्जेट बच्चों की प्रतिभा, आत्मविश्वास और क्षमताओं को सम्मान देने के उद्देश्य

से उड़ान-हर बच्चा अनोखा है कार्यक्रम का आयोजन 6 सितंबर को पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम राजनांदगांव में आयोजित किया गया। आयोजन में विशेष प्रोत्साहन, मार्गदर्शन एवं सहयोग प्रदान करने संस्था रैनबो फिंगर्स वेलफेयर फाउंडेशन के राजनांदगांव जिला प्रमुख सौरभ अजमानी एवं जिला संयोजक नीतिका आजमानी द्वारा महापौर मधुसूदन यादव को सम्मानित करते उनके मोतीपुर स्थित निज निवास पहुंचकर महापौर को अपनी संस्था की ओर से स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। संस्था के प्रतिनिधियों ने महापौर को अपनी संस्था की वर्तमान गतिविधियों से अवगत कराया गया।

### प्रतियोगिता में युगांतर स्कूल ने मारी बाजी

राजनांदगांव। गायत्री विद्यापीठ में इंटर स्कूल स्पेल बी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिले के विभिन्न विद्यालयों से पहुंचे विद्यार्थियों ने

प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक सहभागिता करते अपनी शब्द-ज्ञान, सही वर्तनी, उच्चारण, श्रवण क्षमता, एकाग्रता एवं त्वरित सोच का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संपादक सुशील कोठारी शामिल हुए। कार्यक्रम के प्रारंभ में गायत्री शिक्षण समिति के अध्यक्ष बृजकिशोर सुरजन ने स्वागत उद्बोधन दिया। प्रतिस्पर्धा के पश्चात युगांतर स्कूल ने प्रथम, डीपीएस स्कूल ने द्वितीय तथा मेजबान गायत्री विद्यापीठ ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता टीमों एवं प्रतिभागी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। अंत में प्राचार्य अंकित व्यास ने आभार प्रदर्शन किया। संचालन शिक्षिका अंजलि सोनवानी द्वारा किया गया।

### पाटले सम्हालेंगे गैंदाटोला का प्रभार

राजनांदगांव। पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने एक आदेश जारी कर तीन निरीक्षक एवं एक उपनिरीक्षक का नवीन पदस्थापना की है। जिसके तहत निरीक्षक कृष्णा पाटले रक्षित केन्द्र से थाना प्रभारी गैंदाटोला, निरीक्षक योगेश पटेल प्रभारी चौकी चिचोला से रक्षित केन्द्र, निरीक्षक मुकेश्वर ध्रुव रक्षित केन्द्र से प्रभारी चौकी चिचोला, उप निरीक्षक नरेश बंजारे साइबर थाना से सुरगी पुलिस चौकी प्रभारी नियुक्त किए गए हैं। इधर जिले से जिला सूरजपुर स्थानांतरित हुए निरीक्षक दालसिंह साहू, निरीक्षक सत्यनारायण देवांगन व निरीक्षक मिलन सिंह को रिलिव कर दिया गया है।

---

## एसबीआई मुख्य शाखा के सामने कर्मियों ने किया प्रदर्शन

# बैंक कर्मचारी रहे हड़ताल पर, सप्ताह में पांच दिन कामकाज की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अन्य शासकीय विभागों की तरह सप्ताह में 5 दिन बैंकिंग वर्किंग कार्य की मांग को लेकर आज राष्ट्रीयकृत बैंकों के कर्मचारी हड़ताल पर रहे। शहर के स्टेट बैंक की मुख्य शाखा के सामने आज बैंक कर्मचारियों ने धरना प्रदर्शन करते अपनी मांगे पूरी करने आवाज बुलंद की।

सप्ताह में 5 दिन बैंक का कार्य दिवस लागू करने की मांग को लेकर विभिन्न बैंक कर्मचारी शुक्रवार को हड़ताल पर रहे। स्टेट बैंक के सामने प्रदर्शन करते बैंक कर्मियों ने केंद्र सरकार से 5 दिन वर्किंग को लागू करने मांग की।

### बैंकिंग का कार्य रहा प्रभावित

शुक्रवार को हड़ताल के चलते बैंक बंद होने से लोन सहित अन्य बैंकिंग कार्य के लिए पहुंचने वाले ग्राहकों को दिक्कतें हुईं। वहीं इसके बाद माह के दूसरे शनिवार एवं रविवार होने के चलते तीन दिनों तक बैंक का कार्य बंद रहेगा। आंदोलन के दौरान सभी बैंकों के कर्मचारी मौजूद रहे।

### सहमति के बाद भी आदेश नहीं

अपने हड़ताल को लेकर आंदोलनरत बैंक कर्मचारी यतिन राव दामले और अन्य बैंक कर्मचारियों ने कहा कि सप्ताह में पांच दिन बैंकिंग कार्य को सहमति बैंक एसोसिएशन और आईबीए के बीच सहमति बनी थी। उन्होंने बताया कि सहमति के आधा घंटा सुबह और आधा घंटा शाम बैंकिंग कार्य बढ़ाने को लेकर बैंकों ने अपनी सहमति दे दी थी। इसके बाद भी मामला वित्त मंत्रालय के पास लंबित पड़ा हुआ है। कर्मचारियों ने कहा कि सरकार स्टेकहोल्डर का बहाना बनाकर इस मुद्दे को टाल रही है।

### डिजिटल बैंकिंग से नहीं होगी दिक्कत

आंदोलन कर रहे बैंक कर्मचारियों ने कहा कि राज्य शासन के विभिन्न शासकीय विभागों में पांच दिवसीय कार्य किया जाता है। वहीं आरबीआई और एलआईसी में भी पांच दिन का कार्य होता है। बैंक कर्मचारियों ने अपने आंदोलन के दौरान कहा कि बैंकों के एटीएम में नगदी जमा और निकासी की सुविधा है। वहीं यूपीआई डिजिटल ट्रांजेक्शन का दौर है। ऐसे में पांच दिन बैंकिंग से दिक्कतें नहीं होंगी।

---

## घर से नगदी सहित आभूषणों की चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने नगदी रकम एवं सोने-चांदी का आभूषण चोरी कर लिया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत जनता कालोनी लखोली स्थित एक घर के दरवाजे में लगे ताला को तोड़कर लाकर में रखे 1,70,000 रुपए नगदी एवं सोने-चांदी के आभूषण को चोरी कर लिया। विगत दिनों हुए चोरी के इस मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। इधर चिखली पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम परमालकसा स्थित एक मकान का ताला तोड़कर चोरों ने नगदी रकम 20 हजार रुपए एवं सोने का आभूषण व कागजात चोरी कर लिए। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

---

## रश्मि सिंह बनी ब्लॉक अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ राजपूत महासभा (पंजीयन क्रमांक 49/2001) द्वारा राजनांदगांव में आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से जिला एवं ब्लॉक महिला संगठन का गठन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीरामचंद्र की पूजा-अर्चना के साथ हुई। इसके बाद समाज के दिवंगत स्व. अजय सिंह परिहार एवं स्व. श्रीमती अर्चना सिंह परिहार को भावपूर्ण स्मरण कर श्रद्धांजलि दी गई।

बैठक में सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई। जिसमें जिला कार्यकारिणी में जिला अध्यक्ष शीला सिंह गहरवार, उपाध्यक्ष नीतू सिंह, राजनांदगांव ब्लॉक कार्यकारिणी में अध्यक्ष रश्मि सिंह, सचिव नीलम सिंह, कोषाध्यक्ष सुनीता सिंह शामिल हैं। बैठक में जानकारी दी गई कि शेष पदाधिकारियों का मनोनयन भी शीघ्र पूर्ण कर लिया जाएगा। सभी सदस्यों ने एक स्वर में संगठन की मजबूती और विस्तार पर बल दिया। साथ ही समाज उत्थान तथा जनहित के कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाने का संकल्प लिया।

बैठक में साधना सिंह चौहान, सविता चौहान, मेघा चौहान, नंदनी चौहान, अंकिता चौहान, रंजीता राजपूत चौहान, मेघा पवार, सुनीता परिहार, निधि सिंह, निशि सिंह, संगीता सिंह, दीप माला सिंह, रिंकी सिंह, अर्चना सिंह, नीतू सिंह बैंस, सोमवती सिंह, माधुरी सिंह, ऋतु सिंह, शांति सिंह, विद्या सिंह, कविता सिंह, सपना सिंह, किरण सिंह, मोना सिंह, रंजीता सिंह, वैशाली सिंह, मनीषा सिंह, स्मिता राजपूत, बिंदु सिंह सहित समाज की अन्य महिला प्रतिनिधि उपस्थित रही।

---

## ठेकेदार की लापरवाही से लोगों को हो रही परेशानी, समता कालोनी में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के समीप पनेका क्षेत्र स्थित समता कालोनी में ठेकेदार की लापरवाही के चलते कॉलोनीवासियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लगभग एक माह से यहां ठेकेदार द्वारा सड़क निर्माण के लिए पुरानी रोड उखाड़ दी गई है, लेकिन अब तक निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया है। जिससे कॉलोनीवासियों में आक्रोश की स्थिति निर्मित हो गई है।

समता कॉलोनी में नई सड़क बनाने के लिए यहां पुरानी सड़क को ठेकेदार द्वारा उखाड़ दिया गया है। इसके बाद कॉलोनीवासियों के लिए समस्या खड़ी हो गई है। ठेकेदार द्वारा सड़क उखाड़े जाने के बाद इसका निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ नहीं करवाया गया है। बारिश के चलते पूरे सड़क पर कीचड़ और गड्ढे से कॉलोनीवासी परेशान हैं। इसको लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधियों से भी शिकायत की गई, लेकिन अब तक कार्य शुरू नहीं हुआ है।

### एक माह से उखाड़ी रोड

समता कॉलोनी निवासी आचार्य अजित तिवारी, बलविंदर सिंह, महेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, प्रमादेवी, दिलबाग खत्री सहित अन्य ने बताया कि लगभग एक माह पूर्व बीते 13 अगस्त को ठेकेदार द्वारा सीसी रोड निर्माण कार्य करने के लिए यहां पर बनी पुरानी सड़क को उखाड़ा गया। इसके लगभग 10 दिन बाद सड़क निर्माण के लिए मटेरियल लाया गया, लेकिन निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया गया। कॉलोनीवासियों ने बताया कि सड़क निर्माण नहीं होने से उन्हें आवागमन में काफी समस्या हो रही है। घर तक गैस सिलेंडर की गाड़ी भी नहीं पहुंचती है।

### घर तक नहीं पहुंच पा रही चार पहिया वाहन

सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ करने में कोताही के साथ ही ठेकेदार द्वारा लापरवाही बरतते हुए निर्माण मटेरियल गिट्टी और रेत रास्ते में डाल दिया है। जिसकी वजह से चार पहिया वाहन घर तक नहीं आ पा रहे हैं। जिससे खासकर बुजुर्गों को काफी दिक्कत हो रही है। वहीं दो पहिया वाहन चालक गिरकर घायल भी हो रहे हैं। ठेकेदार की लापरवाही के चलते कॉलोनीवासियों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। उन्होंने शीघ्र निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

---

## बिना पैसे शराब देने से मना करने पर सेल्समैन पर चाकू से हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बिना पैसे शराब देने से मना करने पर सेल्समैन पर धारदार चाकू से हमला करने के मामले में पुलिस ने दो आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी चन्द्रेश कुमार सिन्हा निवासी ग्राम मुड़िया मोहारा ने रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि वह देशी शराब दुकान में सेल्समैन के रूप में कार्य करता है। 10 सितंबर की रात्रि लगभग 9 बजे प्रार्थी अपने सहकर्मियों के साथ शराब दुकान में ग्राहकों को शराब विक्रय कर रहा था। इसी दौरान आरोपी भरत साहू एवं उसका साथी रोशन साहू शराब दुकान में पहुंचे और बिना पैसे दिए शराब की बोतल मांगने लगे।

### थाना में मामला दर्ज

प्रार्थी द्वारा बिना पैसे शराब देने से मना करने पर दोनों आरोपी गाली-गलौज करते विवाद करने लगे तथा अपने पास रखे धारदार चाकू से प्रार्थी के चेहरे एवं नाक के पास वार कर चोट पहुंचाया। घटना की सूचना पर थाना बसंतपुर पुलिस द्वारा तत्काल कार्रवाई करते आरोपियों के विरुद्ध धारा 296, 115(2), 351(2), 119(1), 118(1), 3(5) भारतीय न्याय संहिता एवं धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### दो आरोपी पकड़े गए, चाकू जब्त

इस मामले में पुलिस टीम द्वारा आरोपियों की लगातार पतासाजी करते उनके संभावित ठिकानों पर दबिश दी गई। पुलिस टीम ने भरत उर्फ सोनू साहू 23 वर्ष निवासी चौकड़ियापारा व रोशन साहू 23 वर्ष निवासी ग्राम फरहद दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ के दौरान आरोपियों द्वारा घटना में शामिल होना स्वीकार किया गया। आरोपियों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त धारदार चाकू बरामद एवं जब्त किया गया। पुलिस द्वारा दोनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी बसंतपुर निरीक्षक कौशलेश देवांगन, प्रशिक्षु उप निरीक्षक हीरामणी, प्रधान आरक्षक महेन्द्र साहू, दीपक जायसवाल, रुपेन्द्र वर्मा, राजेश्वर बंदेश्वर, अतहर अली एवं जामिन्द्र वर्मा की महत्वपूर्ण एवं सराहनीय भूमिका रही।

---

## श्रीमद भागवत कथा का सप्तम दिवस व विश्राम

राजनांदगांव। शक्षणी सेवा मंडल द्वारा आयोजित श्रीमद भागवत कथा के सप्तम दिवस शुक्रवार को श्रद्धालुओं के नेत्रों से अश्रुओं की नीर धारा अविरल बहती रही।

श्रीकृष्ण प्रेम और श्रीकृष्ण से नंद बाबा का वियोग में मूर्छित हो जाना भक्त और भगवान, पुत्र और पिता का वियोग का मार्मिक चित्रण देखकर श्रोताओं का हृदय द्रवित हो उठा और आंखें नम हो गई।

कथा में कथा व्यास पूज्य श्री ऋषिराज ने जीवन के दो छोर हर्ष-विषाद, सुख-दुख, प्रेम-नफरत, धर्म-अधर्म जैसे विरोधी मूल्यों को भागवत कथा में जीवंत और मार्मिक चित्रण प्रस्तुत किया, जहां एक ओर अस्तय, अधर्म के संवाहक कंस का वध हुआ। दूसरी ओर श्रीकृष्ण का विवाह रुकमणि से हुआ। श्रीकृष्ण ने 16108 गोपियों की अस्मिता के लिए उन्हें पत्नी के रूप में सम्मान और अधिकार दिया। राधा रानी के प्रेम की पराकाष्ठा का भी वर्णन कथा व्यास ने दोनों स्तरों पर भावात्मक चित्रण किया। इस प्रकार हरे कृष्ण-हरे राम के महामंत्र और मंगल कामना के साथ कथा व्यास परम पूज्य श्री ऋषिराज ने सप्त दिवसीय श्रीमद भागवत कथा को पुष्पांजलि प्रांगण में विश्राम दिया।

---

## पुलिस सैलरी पैकेज बना परिवारों का आर्थिक कवच

- परिजनों को सौंपे 10-10 लाख रुपए के बीमा क्लेम के चेक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पुलिसकर्मियों की जोखिमभरी ड्यूटी के बीच उनके परिवारों को आर्थिक सुरक्षा देने में भारतीय स्टेट बैंक का पुलिस सैलरी पैकेज महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। एसबीआई कलेक्टोरेट शाखा राजनांदगांव की ओर से दिवंगत पुलिसकर्मियों के परिजनों को 10-10 लाख रुपए के बीमा क्लेम के चेक सौंपे गए। कठिन समय में मिली यह राशि परिवारों के लिए आर्थिक संबल का काम करेगी।

पुलिस विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए एसबीआई की ओर से विशेष रूप से संचालित पुलिस सैलरी पैकेज में वेतन खाते के साथ विभिन्न बैंकिंग सुविधाओं के अलावा बीमा सुरक्षा भी दी जाती है। पात्र खाताधारकों को योजना की शर्तों के अनुसार ग्रुप लाइफ इंश्योरेंस का लाभ मिलता है। पुलिसकर्मी की सेवा अवधि में मृत्यु होने पर निर्धारित प्रक्रिया के तहत नामांकित व्यक्ति अथवा पात्र परिजनों को बीमा राशि का भुगतान किया जाता है।

### दुर्घटना में भी मिलता है सुरक्षा कवच

पुलिसकर्मियों की ड्यूटी की प्रकृति को देखते हुए दुर्घटना बीमा भी इस पैकेज का महत्वपूर्ण हिस्सा है। पात्र दुर्घटनात्मक मृत्यु की स्थिति में व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा का लाभ मिल सकता है। दुर्घटना के कारण स्थायी पूर्ण या आंशिक दिव्यांगता की स्थिति में भी योजना के नियमों के अनुसार आर्थिक सहायता का प्रावधान है।

### पीएसपी के रूप में खाता मैप होना जरूरी

बीमा लाभ के लिए केवल एसबीआई में वेतन खाता होना पर्याप्त नहीं है। संबंधित पुलिसकर्मी का खाता बैंक के सिस्टम में पीएसपी के रूप में मैप होना जरूरी है। साथ ही योजना में निर्धारित पात्रता, विभाग और बैंक के बीच लागू समझौते तथा बीमा कंपनी के नियमों को पूरा करना होता है।

---

## पोला पर 22 बैल जोड़ियों ने दिखाया दम

# धनुष की बैल जोड़ी ने जीता प्रथम पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ के पारंपरिक पर्व पोला के अवसर पर शहर के गंज लाइन में भव्य बैल दौड़ का आयोजन किया गया। तेज बारिश के बावजूद आयोजकों और दर्शकों के उत्साह में कोई कमी नहीं दिखी। बरसते पानी के बीच लखोली नाका से तिरंगा चौक तक आयोजित दौड़ में 22 बैल जोड़ियों ने हिस्सा लिया। जिसमें नंदई निवासी धनुष कुमार सोनकर की बैल जोड़ी ने पहला स्थान हासिल कर बाजी मारी।

कार्यक्रम को सफल बनाने में सूर्यकांत जैन, दामू भूतड़ा, कैलाश राठी, मोहन चुनरकर, रूपेश गुप्ता, मनोज बैद, मुन्ना अग्रवाल, शिव राठी, लाली जैन, राजीव जैन, गोपू शर्मा, मनीष खंडेलवाल, जीतू चोपड़ा और ज्ञानु सहित बाल समाज के सदस्यों की प्रमुख भूमिका रही।

### प्रतिभागियों का सम्मान

इसी परंपरा को जीवंत रखने हर साल गंज लाइन में भव्य मेले और बैल दौड़ का आयोजन किया जाता है। तालियों की गड़गड़ाहट के बीच 22 बैल जोड़ियों ने अपनी ताकत और रफ्तार का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता समाप्त होने के बाद विजेता जोड़ियों के मालिकों और सभी प्रतिभागियों को सम्मानित कर पुरस्कृत किया गया।

### 90 वर्षों से आयोजन

गंज लाइन में पोला पर्व पर बैल दौड़ की यह परंपरा पिछले 90 वर्षों से लगातार जारी है। बाल समाज गणेश उत्सव समिति और गंज लाइन व्यवसायीजन मिलकर इस पारंपरिक आयोजन को वर्षों से आगे बढ़ा रहे हैं। समिति के संरक्षक सूर्यकांत जैन ने बताया कि पोला छत्तीसगढ़ की संस्कृति का प्रमुख पर्व है। जिसमें किसान कृषि कार्य में सहयोग देने वाले पशुधन की पूजा-अर्चना कर उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हैं।

---

## शल्य पशु चिकित्सक के तबादले से पशु पालकों में नाराजगी

राजनांदगांव। जिला पशु चिकित्सालय में पदस्थ शल्य पशु चिकित्सक डॉ. तरुण रामटेके के तबादले को लेकर पशुपालकों, डॉग लवर्स और गौसेवकों में नाराजगी है। डॉ. रामटेके का तबादला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में किया गया है।

पशुपालकों का कहना है कि उनके जाने से जिला पशु चिकित्सालय में जटिल सर्जरी की सुविधा प्रभावित हो सकती है। इसे लेकर पशुपालकों और कामधेनु विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से तबादले पर पुनर्विचार की मांग की है।

### पढ़ाई की चिंता

पशुपालकों का कहना है कि तबादले से विद्यार्थियों की इंटर्नशिप और प्रैक्टिकल प्रशिक्षण भी प्रभावित हो सकता है।

## खबर संक्षेप

### 14 को मटन मार्केट बंद

**राजनांदगांव।** राज्य शासन के आदेशानुसार गणेश चतुर्थी एवं पर्यूषण पर्व संवत्सरी व उत्तम क्षमा के उपलक्ष्य में 14 सितम्बर को नगर निगम सीमाक्षेत्र में स्थित पशुवध गृह एवं मटन मार्केट पूर्णरूपेण बंद रहेंगे। नगर निगम आयुक्त जीआर मरकाम ने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर पशुवध एवं विक्रय कार्य पूर्णतः प्रतिबंधित सुनिश्चित करने कहा है। आयुक्त श्री मरकाम ने स्वास्थ्य विभाग से कहा कि उक्त दिवस पर मांस विक्रय करते पाए जाने पर मांस जब्त करने एवं संबंधित के विरूद्ध यथोचित कानूनी कार्रवाई करते 5 हजार रुपए तक जुर्माना वसूल करें। उन्होंने स्वच्छता निरीक्षकों को उक्त दिवस को अपने-अपने क्षेत्र में पर्यवेक्षण करने के निर्देश दिए हैं।

### अभिषेक को मिला श्रेष्ठ प्राचार्य का सम्मान

**राजनांदगांव।** शिक्षा के क्षेत्र में विगत 27 वर्षों से समर्पण, अनुशासन, नेतृत्व और नवाचार के साथ कार्य कर रहे प्रख्यात शिक्षाविद् अभिषेक खंडेलवाल को शिक्षा जगत की प्रतिष्ठित संस्थाओं अमिटी विश्वविद्यालय ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस तथा सिल्वरज़ोन ओलंपियाड द्वारा श्रेष्ठ प्राचार्य के सम्मान से अलंकृत किया गया। यह सम्मान उनके दीर्घकालीन शैक्षणिक योगदान, प्रभावी नेतृत्व, विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास तथा विद्यालयी शिक्षा में उत्कृष्ट कार्यों की पहचान है। रॉयल किड्स कॉन्वेंट के निदेशक संजय बहादुर सिंह के हाथों उन्होंने यह पुरस्कार प्राप्त किया।

अभिषेक खंडेलवाल पिछले 27 वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर प्रकाश स्तंभ की भूमिका निभा रहे हैं। उनके नेतृत्व में विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, संस्कार, अनुशासन, रचनात्मकता और जीवनोपयोगी कौशल प्रदान करने पर विशेष बल दिया जाता रहा है। वे केवल एक प्राचार्य ही नहीं, बल्कि विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों के लिए मार्गदर्शक, प्रेरक और विश्वास का केंद्र है।

### शिविर में 35 हितग्राहियों को मिला लाभ

**राजनांदगांव।** श्रम विभाग राजनांदगांव द्वारा छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार मंडल के तहत गुरुवार को कमला कॉलेज चौक स्थित निगम कॉम्प्लेक्स में निःशुल्क श्रमिक पंजीयन एवं नवीनीकरण के लिए शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के माध्यम से कुल 35 हितग्राहियों को लाभ मिला। इनमें 8 नवीन पंजीयन, 4 नवीनीकरण, 4 नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना एवं 19 ई-केवाईसी का कार्य किया गया। सभी कार्य पूर्णतः निःशुल्क किए गए।

साथ ही 25 से अधिक असंगठित पंजीकृत श्रमिकों को पंजीयन क्रमांक की जानकारी देकर श्रमिक कार्ड प्राप्त कराया गया।िविर में पार्षद खेमिन राजेश यादव, सेवक उइके, जीवन चतुर्वेदी, माधव साहू, उकेश साहू, लोमेन्द्र निर्मलकर, रामविलास निर्मलकर, शैलेष साहू, दीक्षा सारथी एवं अन्य समाजसेवी उपस्थित रहे।

### हरडुवा में मना पोला पर्व

**राजनांदगांव।** ग्राम हरडुवा में इस वर्ष भी राम नाम सप्ताह का आयोजन ग्रामवासियों के सहयोग से रखा गया। यह आमतौर पर 24 घंटे तक चलने वाला एक बड़ा धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम है। जिसमें गांव के लोग भजन मंडलियों के साथ भगवान की पूजा-अर्चना कर प्रतिक्रमण करते हैं। ग्राम के रोहित वर्मा ने बताया कि यह आयोजन मुख्य रूप से अच्छी वर्षा, बेहतर फसल और गांव में शांति व खुशहाली की कामना के लिए किया गया।

### पेंड्री में 45 लाख के विकास काम का भूमिपूजन

**राजनांदगांव।** नगर निगम द्वारा शासन स्वीकृत राशि से वार्डों में विभिन्न विकास कार्य कराए जा रहे हैं। विकास कार्य कड़ी में वार्ड नं. 20 पेंड्री में अधोसंरचना मद अंतर्गत 20.84 लाख रुपए की लागत से सीमेंट कांक्रिटींग रोड एवं नाली निर्माण तथा 15 लाख रुपए की लागत से बाउंड्रीवाल निर्माण सहित 15वें वित्त आयोग अंतर्गत 10 लाख रुपए की लागत से हास्टल रोड में पाईप लाइन विस्तार करने महापौर मधुसूदन यादव ने वार्ड पार्षद कुलेश्वर ध्रुव एवं वार्डवासियों की उपस्थिति में शीतला मंदिर में पूजा-अर्चनाकर श्रीफल फोडकर व गैती चलाकर विभिन्न स्थानों में भूमिपूजन किया।

इस अवसर पर महापौर श्री यादव ने कहा कि पेंड्री में 45 लाख रुपए से अधिक की राशि से रोड व नाली निर्माण, बाउंड्रीवाल एवं पाईप लाइन विस्तार करने भूमिपूजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि रोड निर्माण होने से आवागमन में सुविधा होगी। वहीं नाली निर्माण से घरों के पानी निकलने के अलावा बारिश का पानी आसानी से बहेगा। इसी प्रकार पाईप लाइन बिछने से पेयजल संकट से निजात मिलेगा। उन्होंने कहा कि उक्त कार्य जल्द प्रारंभ कर समय-सीमा में गुणवत्ताक के साथ पूर्ण कराया जाएगा, ताकि पेंड्रीवासियों को इसका लाभ मिल सके।

### केंद्रीय कार्यकारिणी समिति की बैठक आयोजित

**राजनांदगांव।** राजपूत क्षत्रिय महासभा छत्तीसगढ़ रहटादह पं.क्र. 1282 केन्द्रीय कार्यकारिणी समिति की बैठक 6 सितंबर को महाराणा प्रताप मंगल भवन दीनदयाल नगर चिखली में आयोजित की गई। बैठक में महासभा अध्यक्ष बजरंग सिंह बैस ने प्रदेश स्तरीय क्विज प्रतियोगिता और उपसमिति राजनांदगांव संस्कारधानी के कार्यक्रमों की सराहना की। आगामी नवंबर-दिसंबर में करियर गाइडेंस कराया जाए। उन्होंने कहा कि यूजीसी आरक्षण की विषय में भी समाज को जानकारी दी। महासभा मीडिया प्रमुख आदर्श सिंह ठाकुर ने बताया कि प्रदेश स्तरीय क्विज में प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। प्रथम, द्वितीय, तृतीय को नगद पुरस्कार, मोमेन्टो व प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। वहीं प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर भी सम्मानित किया गया।

### युवक से मारपीट, घायल

**राजनांदगांव।** अपने रिश्तेदार के घर आए युवक को मारपीट कर आरोपियों ने घायल कर दिया, जिसे उपचार हेतु मेडिकल कॉलेज पेंड्री में भर्ती किया गया है। कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत लखोली बैगापारा में अपने रिश्तेदार के घर धमधा निवासी राकेश विश्वकर्मा आया हुआ था। जिसके साथ दोपहर बाद आपस में बहस हो जाने पर तीन-चार युवकों ने मारपीट की। बताया गया कि इस दौरान आरोपियों ने ईंट से हमला किया। वहीं चाकू से पैर पर वार किए। जिससे उक्त युवक घायल हो गया।

# जर्जर मकानों का सर्वे, टीम वार्डवार कर रही चिन्हांकित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बारिश में जर्जर भवनों से होने वाले हादसों को देखते हुए शासन निर्देशानुसार निगम सीमाक्षेत्र स्थित जर्जर भवन व मकान का सर्वे करने नगर निगम आयुक्त जीआर मरकाम ने दायित्व सौंपा है। जिसमें सभी उप अभियंता अपने-अपने प्रभारित वार्ड में निगम पटवारी के सहयोग से जर्जर भवनों का सर्वे करेंगे।

आदेश मिलते ही अधिकारियों ने छग नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 309 के तहत कार्रवाई करने अपने-अपने क्षेत्र में जर्जर भवनों व मकान का सर्वे दो दिनों से कर रहे हैं।

आयुक्त के निर्देश पर सभी उप अभियंता अपने-अपने क्षेत्रों के पुराने एवं जर्जर भवन का सर्वे कर रिपोर्ट सौंप रहे हैं। जिसके आधार पर सूची तैयार की जा रही है। सर्वे के दौरान आम लोगों की सुरक्षा के लिए खतरे वाले भवन व मकान को चिन्हांकित कर सूची तैयार की जा रही है। तैयार सूची के अनुसार संबंधित भवन मालिकों को नोटिस देकर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## आम लोगों की सुरक्षा के लिए खतरे वाले भवन व मकानों का चिन्हांकन

### मकान छोड़ने की सलाह

सर्वे के दौरान जर्जर भवन व मकान मालिकों को ऐसे भवन को मरम्मत करने धराशाही करने या छोड़ने सलाह भी दी जा रही है। स्पष्ट रूप से कहा जा रहा है कि भवन की जर्जर स्थिति के बावजूद उसे नहीं हटाया जाता है और भविष्य में उसके कारण किसी प्रकार की दुर्घटना, जनहानि अथवा सम्पत्ति की क्षति होती है तो इसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित की होगी। सर्वे में बाजार क्षेत्र एवं घनी आबादी वाले क्षेत्रों में विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

### पत्र भी जारी किया गया

युक्त श्री मरकाम द्वारा शासकीय विभाग के जर्जर भवनों को मरम्मत या धाराशाही करने पत्र भी भेजा रहा रहा है। पूर्व में कुछ भवन के लिए पत्र भी जारी किया गया है। निगम के जर्जर भवनों को डिस्मेंटल करने की प्रक्रिया की जा रही है। साथ ही पुरानी काम्पलेक्स का जीर्णोद्धार भी किया जा रहा है। निगम द्वारा आसपास के जर्जर भवनों की सूचना देने अपील भी की जा रही है, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

## राष्ट्रीय युवा संसद प्रतियोगिता का उद्घाटन

# आज के विद्यार्थी ही देश के नेतृत्व की भूमिका निभाएंगे -अग्रवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय राजनांदगांव में दो दिवसीय संभाग स्तरीय राष्ट्रीय युवा संसद प्रतियोगिता का गुरुवार को उत्साहपूर्ण एवं गरिमामय वातावरण में शुभारंभ हुआ। 10 एवं 11 सितम्बर को आयोजित इस प्रतियोगिता में प्रदेश के 8 केन्द्रीय विद्यालयों के 400 से अधिक छात्र-छात्राएं सहभागिता कर रहे हैं। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में लोकतांत्रिक मूल्यों, संसदीय परंपराओं, नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, तर्कपूर्ण संवाद एवं सार्वजनिक रूप से अपने विचार प्रस्तुत करने का आत्मविश्वास विकसित करना है।

कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि संतोष अग्रवाल ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते कहा कि युवा शक्ति देश की सबसे बड़ी ताकत है। आज के विद्यार्थी ही कल देश के विभिन्न क्षेत्रों में नेतृत्व की जिम्मेदारी संभालेंगे। उन्होंने कहा कि युवा संसद जैसे आयोजन विद्यार्थियों को केवल प्रतियोगिता का मंच नहीं देते, बल्कि उन्हें देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था, संसद की कार्यप्रणाली और जिम्मेदार नागरिक होने की भावना से जोड़ते हैं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में विचारों को प्रभावी ढंग से रखना, दूसरे के विचारों को सुनना और तर्क के आधार पर अपनी बात प्रस्तुत करना अत्यंत महत्वपूर्ण है।

### सीखने का मिलेगा अवसर

श्री अग्रवाल ने कहा कि युवा संसद प्रतियोगिता विद्यार्थियों में इसी प्रकार की नेतृत्व क्षमता विकसित करने का बेहतर माध्यम है। उन्होंने कहा कि वे प्रतियोगिता को सीखने के अवसर के रूप में लें और पूरे आत्मविश्वास के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करें। अंत में श्री अग्रवाल ने इस कार्यक्रम के आयोजन हेतु पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय राजनांदगांव के प्राचार्य मनोज कुमार एवं स्टाफ व आयोजन से जुड़े सदस्यों का अभिनंदन किया।

### अतिथियों का आत्मीय स्वागत

कार्यक्रम के प्रारंभ में पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय राजनांदगांव के प्राचार्य मनोज कुमार ने मुख्य अतिथि संतोष अग्रवाल, रविन्द्र कुमार, गिरीश बाबू कुत्सवार, विशिष्ट अतिथि सावन वर्मा सहित अन्य अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया। प्राचार्य मनोज कुमार ने प्रतियोगिता में शामिल होने पहुंचे विद्यार्थियों एवं शिक्षकों का अभिनंदन करते कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के दौरान केन्द्रीय विद्यालय धमतरी के प्राचार्य गिरीश बाबू कुत्सवार ने प्रतियोगिता में शामिल 400 से अधिक विद्यार्थियों को युवा संसद प्रतियोगिता के उद्देश्य, प्रक्रिया एवं नियमों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। दो दिवसीय प्रतियोगिता के माध्यम से अलग-अलग विद्यालयों से आए विद्यार्थी न केवल प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं, बल्कि देश की लोकतांत्रिक परंपराओं और संसदीय व्यवस्था को करीब से समझने का अनुभव भी प्राप्त कर रहे हैं।

# शिक्षा के साथ नैतिक गुणों का भी विकास जरूरी : पुष्पा दीदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय राजनांदगांव द्वारा शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में 6 सितम्बर को शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन ज्ञान मानसरोवर में किया गया। इस अवसर पर "विकसित भारत के निर्माण में शिक्षकों की भूमिका" विषय पर वक्ताओं ने सारगर्भित उदबोधन दिया।

मुख्य वक्ता सेवा केंद्र संचालिका ब्रह्माकुमारी पुष्पा दीदी ने कहा कि आज शिक्षा के साथ-साथ बच्चों में नैतिक मूल्यों एवं सद् गुणों का विकास करना समय की आवश्यकता है। केवल किताबी ज्ञान से ही विकसित राष्ट्र का निर्माण संभव नहीं है। बच्चों को ईमानदारी, अनुशासन, संवेदनशीलता, जिम्मेदारी और संस्कारों से जोड़ना भी शिक्षकों का दायित्व है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने के लिए शिक्षकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। शिक्षक बच्चों के जीवन को दिशा देने का कार्य करते हैं, इसलिए सबसे पहले शिक्षक को स्वयं अपने जीवन में नैतिकता और श्रेष्ठ आचरण को अपनाना होगा।

मुख्य अतिथि कवर्धा के जिला शिक्षा अधिकारी एफआर वर्मा, प्रो. डॉ. डाकेश्वर वर्मा, राजूलाल मोहबे, थंगेश्वर कुमार साहू, प्राचार्य वीरेन्द्र दुबे, सविता अवस्थी, हंसराज सोनपिपरे, आरती देवांगन, अनिता सहारे, कुसुम ठाकरे, शिक्षक आशिफ खान ने भी अपनी शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का संचालन ब्रह्माकुमारी प्रभा बहन ने किया। इस अवसर पर प्रो. शुभेंदु जेनामणि, प्राचार्य मिलिन्द मुदलियार, सुधीर जैन, हेमन्त साहू, श्रीकेश शर्मा, सीआर वर्मा, मिलन साहू, योगेन्द्र सिंह ठाकुर, अनिल कुमार साहू, दीपक शर्मा, जितेन्द्र हिरवानी, व्याख्याता शाहीन खान, मीनू माहेश्वरी, भारती साहू सहित ाचार्य एवं शिक्षकगण उपस्थित थे।

# शिक्षकों के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं: अनीस

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता अनीस खान ने छत्तीसगढ़ में वर्षों से सेवा दे रहे प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शिक्षकों के लिए टीईटी की अनिवार्यता को लेकर चल रहे आंदोलन के समर्थन में कहा कि सरकार को इस मामले में संवेदनशील, मानवीय और व्यावहारिक दृष्टिकोण अपनाना चाहिए।

अनीस ने कहा कि टीईटी संबंधी मूल प्रावधान एनसीटीई की 23 अगस्त 2010 की अधिसूचना से आया था। इसके बाद 2017 में आरटीई एक्ट में संशोधन कर 31 मार्च 2015 तक नियुक्त अथवा सेवा में रहे शिक्षकों को निर्धारित न्यूनतम योग्यता हासिल करने अतिरिक्त समय दिया गया। वर्तमान में इन-सर्विस शिक्षकों के लिए टीईटी प्राप्त करने की समय-सीमा 31 अगस्त 2028 तक निर्धारित है। उन्होंने कहा कि टीईटी परीक्षा उत्तीर्ण कर लेना ही किसी शिक्षक के योग्य होने की गारंटी नहीं है और परीक्षा उत्तीर्ण नहीं करना भी किसी शिक्षक को अयोग्य या ज्ञानहीन साबित नहीं करता। शिक्षक की वास्तविक दक्षता में विषय का व्यावहारिक ज्ञान, वर्षों का कक्षा-अनुभव, बच्चों को समझने की क्षमता, शिक्षण पद्धति और विद्यार्थियों के साथ व्यवहारिक अनुभव अधिक महत्वपूर्ण है, इसलिए वर्षों से सेवाएं दे रहे शिक्षकों के अनुभव को केवल एक परीक्षा के परिणाम के आधार पर नजरअंदाज करना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि यदि एक भी शिक्षक के साथ अन्याय होता है तो कांग्रेस पार्टी इसका पुरजोर विरोध करेगी और शिक्षकों के न्यायसंगत अधिकारों के लिए आवश्यकता पड़ने पर आंदोलन भी करेगी।

### प्रतीक गढ़वाल बने नगर मंत्री

**राजनांदगांव।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद राजनांदगांव नगर के सत्र 2026-27 के लिए नवीन नगर कार्यकारणी घोषित की गई। जिसमें प्रमुख रूप से प्रदेश मंत्री अनंत सोनी, जिला संयोजक धनंजय पांडे उपस्थित रहे। निर्वाचन अधिकारी के रूप में जिला संयोजक धनंजय पांडे ने निर्वाचन प्रक्रिया पूरी कर प्रतीक गढ़वाल को नगर मंत्री का दायित्व सौंपा।

इसके साथ ही विभिन्न संगठनात्मक एवं छात्रहित से जुड़े कार्यों के संचालन के लिए पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों की भी घोषणा की गई। नगर मंत्री प्रतीक गढ़वाल, नगर सहमंत्री भूपेंद्र पाल, जीत शर्मा, मोहित साहू, पुष्पांजलि साहू, नगर महाविद्यालय प्रमुख वेणुका, मितेश वर्मा, नगर कार्यालय मंत्री दिव्य द्विवेदी, सोशल मीडिया प्रमुख मानव रजक, नगर एसएफएस प्रमुख कुलदीप पाल, सह प्रमुख किरण लोखंडे, नगर एसएफडी प्रमुख अनन्य हाजरा, सह प्रमुख नेहा साहू, राष्ट्रीय कला मंच प्रमुख वैभवी, नगर खेलो भारत प्रमुख आदि जैन, नगर विद्यालय प्रमुख अक्षत ताम्रकार, सह प्रमुख बदल वर्मा एवं नगर कार्यकारिणी सदस्य थानेश्वर वर्मा, वोजस उइके, पंकज कुमार, विकास साहू, प्रियांश देवांगन, कोणार्क शामिल हैं।

# मेयर ने किया भूमिपूजन, पेयजल के लिए होगा पाइप लाइन का विस्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने राजनांदगांव शहर में विकास कार्य कराने अधोसंरचना एवं पर्यावरण उपकर निधि अंतर्गत राशि स्वीकृत किए हैं। जिसके तहत वार्डों में मूलभूत सुविधा रोड- नाली के अलावा वार्डवासियों की सुविधा के लिए सामुदायिक भवन, मंच, उद्यान आदि निर्माण कराया जा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को वार्ड 2 में 60 लाख से अधिक रुपए से रोड-नाली के अलावा पाईप लाइन विस्तार के लिए भूमिपूजन किया जा रहा है। उक्त उदगार महापौर मधुसूदन यादव ने वार्ड नं. 2 में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम में दिए।

महापौर श्री यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री व उप मुख्यमंत्री की सोंच प्रदेश में हर वर्ग का विकास हो तथा सभी को शासन की योजना का लाभ मिले। उसी प्रकार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह एवं सांसद संतोष पाण्डे भी राजनांदगांव के विकास में तत्पर रहते हैं और राजनांदगांव में बड़े से बड़े तथा छोटे से छोटे कार्य के लिए स्वीकृति प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि इन्ही लोगों के सहयोग से हम शहर को एक अलग पहचान दिलाएंगे। उन्होंने कहा कि इतनी बड़ी राशि से वार्ड में चहुंमुखी विकास होगा और शंकरनगर दिवानटोला में पाईप लाइन बिछने से पेयजल संकट दूर होगा।

वार्ड नं. 2 में अधोसंरचना मद अंतर्गत लगभग 40 लाख रुपए की लागत से भाठा नवागांव तथा शंकरनगर में रोड एवं नाली निर्माण, पार्षद निधि 6 लाख रुपए से फुलवारी चौक में सीमेंटीकरण, डीएमएफ योजनांतर्गत 2.50 लाख रुपए से पीपलेश्वर महादेव मंदिर के पास रोड निर्माण के अलावा 15वें वित्त आयोग अंतर्गत दिवानटोला शंकर नगर में पाईप लाइन विस्तार तथा धर्मस्थली योजनांतर्गत 5 लाख रुपए की लागत से शिव मंदिर जीर्णोद्धार के लिए सभी मोहल्ले में जाकर महापौर श्री यादव ने वार्ड पार्षद सावन वर्मा सहित डिलेश्वर साहू, मनोहर यादव, भीष्म देवांगन, शरद सिन्हा की उपस्थिति में पूजा-अर्चना कर गैती चलाकर भूमिपूजन किया।

## फील्ड अधिकारियों को दिए निर्देश

# पंडालों को मिलेगा अस्थाई बिजली कनेक्शन, होगी सरप्राइज चेकिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

गणेश उत्सव को देखते हुए छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी ने राजनांदगांव क्षेत्र के चार जिलों में गणेश उत्सव समितियों के पंडालों को अस्थाई विद्युत कनेक्शन देने की तैयारी शुरू कर दी है। मुख्य अभियंता एचके मेश्राम ने राजनांदगांव, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई और कबीरधाम जिले के फील्ड अधिकारियों को पंडालों के लिए त्वरित रूप से वैध अस्थाई कनेक्शन जारी करने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने राजनांदगांव, डोंगरगांव, डोंगरगढ़, मोहला, खैरागढ़, कवर्धा और पंडरिया संभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों को गणेश पंडालों, झांकियों और मेलों में निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने कहा है। समितियों को पंडाल में आवश्यक विद्युत लोड का सही आंकलन कर संबंधित वितरण केंद्र में आवेदन करने की सलाह दी गई है।

### हुकिंग करने वालों पर रहेगी नजर

मुख्य अभियंता ने समितियों और आम लोगों से अपील की है कि पंडालों में बिजली के लिए केवल वैध अस्थाई कनेक्शन ही लें। लाइन से हुकिंग कर बिजली लेने पर दुर्घटना, शॉर्ट-सर्किट और ट्रांसफार्मर में आग लगने का खतरा रहता है। अनधिकृत बिजली उपयोग बिजली चोरी की श्रेणी में आता है।

### विद्युत कनेक्शन की होगी जांच

बिजली चोरी रोकने के लिए सतर्कता टीम द्वारा पंडालों की सरप्राइज चेकिंग की जाएगी। इस दौरान मीटर, स्वीकृत लोड और कनेक्शन की जांच होगी। आयोजकों को विद्युत कंपनी से प्राप्त प्राधिकार पत्र मीटर के पास चस्पा करने कहा गया है, ताकि कनेक्शन की वैधता मौके पर ही स्पष्ट हो सके।

**बिजली चोरी से बचे**

विभाग ने पंडालों की वायरिंग अधिकृत इलेक्ट्रीशियन से कराने, उचित अर्थिंग रखने तथा असुरक्षित जोड़ से बचने की अपील की है। विद्युत कंपनी ने कहा है कि उत्सव के दौरान सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए न बिजली चोरी करें और न ही दूसरों को करने दें।

# क्वांटिटी देखनी है तो क्वालिटी को भूल जाइए - समयप्रभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अगर क्वांटिटी देखोगे तो क्वालिटी को भूल जाइए और अगर क्वालिटी चाहिए तो क्वांटिटी भूल जाइए। हमें क्वांटिटी नहीं क्वालिटी देखनी चाहिए। उक्त उदगार खरतर गच्छाधिपति मणिप्रभ सागर के सुशिष्य समयप्रभ सागर ने जैन बगीचा स्थित ज्ञानवल्लभ उपाश्रय भवन में अपने चातुर्मासिक प्रवचन में व्यक्त किए।

मुनिश्री समयप्रभ ने कहा कि क्वालिटी ठीक नहीं तो क्वांटिटी का कोई मतलब नहीं रह जाता, इसलिए हमें क्वालिटी पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम भवों में रमन करते रहते हैं। हमारी मति अच्छी होनी चाहिए। अंत समय में हमारी जैसी मति होगी, वैसी ही हमारी गति होगी। पुण्य को बढ़ाने के लिए ज्यादा से ज्यादा धर्म आराधना करनी चाहिए, जब भवों में हम रमन करते हैं, तब इन भवों में मिलने वाले पुण्य का संचय होता है। यही पुण्य हमारे काम आता है। मुनिश्री ने फरमाया कि आपका सामान्य व्यवहार भी आप नहीं निभा पाते हो। उपकार के प्रति आपकी कृतज्ञता कहां चली जाती है। उपकारी के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करना और बच्चों को संस्कार देना कभी भी ना भूलें। बच्चा जब तक नासमझ होता है, तब तक उसमें संस्कार के बीज बोना आसान होता है। बच्चा जैसे-जैसे समझदार होते जाता है, उसमें संस्कार डालना उतना ही कठिन होता जाता है। समझदार होने के बाद तो वह अपनी दुनिया में चला जाता है। बचपन में दिया गया संस्कार ही बहुत काम आता है। इस दुनिया में फूल और कांटे बिखरे पड़े हैं। आप फूल को चुनिये और आराधना के मार्ग में आगे बढ़िये। संवत्सरी पर्व कल से शुरू हो रहा है। यह आराधना का पर्व है और यह पर्व हमें उन्नत मार्ग पर ले जाता है, इसलिए इन आठ दिनों में काफी आराधना कीजिए और अपने लक्ष्य को आसान बनाइये।

**सार समाचार**

### जोशीलमती में पोला पर्व पर पौधरोपण

**राजनांदगांव।** पोला पर्व पर ग्राम जोशीलमती स्थित सोसायटी परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, सोसायटी पदाधिकारियों, पंचगण एवं ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाते पौधे रोपे और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

कार्यक्रम में जनपद सदस्य ओमप्रकाश चंद्रवंशी, सरपंच गोमतीबाई साहू, सोसायटी अध्यक्ष धन्नजय साहू, उपसरपंच चित्रांगन साहू समेत रामेश्वर सिन्हा, गनपत सिन्हा, पंचराम साहू, जसवंत सिन्हा, बहादुर कोटेलकर, यादवराम साहू, भग्गूराम, कुम लाल, दिनूराम, ओम साहू, राधे साहू, नकुल साहू, गुप्ता साहू, देवनंदन साहू, कुंजू साहू, पूरन, संतराम, सवाना साहू, मेनका साहू, खोमलता साहू, दीपा, बसंती साहू, गीता साहू, शारदा चंद्रवंशी सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## प्रभारी मंत्री ने ली सेवा संकल्प अभियान को लेकर बैठक

# रानीसागर सहित 25 गांव में जलेंगे दीप, स्कूलों में होंगे विविध आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

स्कूल शिक्षा एवं जिले के प्रभारी मंत्री गजेन्द्र यादव ने गुरुवार को न्यू सर्किट हाऊस राजनांदगांव में 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर तक चलने वाली सेवा संकल्प अभियान की तैयारी संबंध में अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों की संयुक्त बैठक ली। बैठक में कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने पावर पाईट प्रजेन्टेशन के माध्यम से जिले में होने वाली गतिविधियों एवं कार्ययोजना के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

प्रभारी मंत्री श्री यादव ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान केवल औपचारिक आयोजन न होकर जनभागीदारी एवं सेवा भावना का व्यापक अभियान बने। उन्होंने अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों को अभियान की सभी गतिविधियों को प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अभियान की शुरूआत आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम से करने की बात कही। उन्होंने जिले की चयनित 25 ग्राम पंचायतों में दीप प्रज्वलन के साथ राजनांदगांव के रानी सागर तालाब में लगभग एक लाख तथा डोंगरगढ़ में 25 हजार दीप प्रज्वलित करने की तैयारियों को सुव्यवस्थित रूप से पूरा करने के निर्देश दिए।

### बैठक में शामिल थे जनप्रतिनिधि

बैठक में महापौर मधुसूदन यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव, जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिमा चंद्राकर, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक अध्यक्ष सचिन बघेल, राजगामी संपदा न्यास अध्यक्ष पूर्णिमा साहू, कोमल सिंह राजपूत, संतोष अग्रवाल, सौरभ कोठारी, पुलिस महानिरीक्षक अजय कुमार यादव, पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा, जिला पंचायत सीईओ दुर्गा प्रसाद अधिकारी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारीगण उपस्थित थे।

### योजनाओं का लाभ पहुंचाना है अंतिम व्यक्ति तक

प्रभारी मंत्री ने सेवा सेतु अभियान के अंतर्गत लंबित एवं पात्र प्रकरणों का पूर्व में निराकरण कर हितग्राहियों को शिविर में सीधे लाभ प्रदान करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी विकासखंडों में समान रूप से प्रभावी आयोजन करने तथा जनप्रतिनिधियों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने कहा। उन्होंने सोशल मीडिया के माध्यम से शासन की योजनाओं, जिले की उपलब्धियों एवं हितग्राहियों की सफलता की सकारात्मक कहानियों का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सेवा संकल्प अभियान का मूल उद्देश्य शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना और प्रशासन, जनप्रतिनिधियों एवं समाज की सामूहिक भागीदारी से सेवा की भावना को मजबूत करना है।

### एलईडी का करें उपयोग

उन्होंने आयोजन में स्वयं सहायता समूहों, जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय नागरिकों की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने कहा। उन्होंने मेरे सपनों का भारत चित्र एवं निबंध प्रतियोगिता में विद्यार्थियों को भारत के अतीत, वर्तमान एवं भविष्य के साथ छत्तीसगढ़ और राजनांदगांव की विकास यात्रा, उपलब्धियों, तकनीक एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे विषयों से जोड़ने के निर्देश दिए। उन्होंने नमो सेवा अनकही कहानियां के माध्यम से शासन की योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों की प्रेरक कहानियों को सामने लाने तथा स्कूलों में उपलब्ध स्मार्ट लर्निंग एवं एलईडी सुविधाओं का उपयोग करने के निर्देश दिए।

### जनभागीदारी से जोड़े कार्य

प्रभारी मंत्री श्री यादव ने आंगन मिलन सेवा को केवल औपचारिक आयोजन न रखते पोषण, स्वास्थ्य एवं संस्कार संबंधी जागरूकता से जोड़ने कहा। उन्होंने आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य एवं पोषण पर परिचर्चा आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सेवा की कहानी, सेवा संकल्प यात्रा, एवं सेवा मेरा योगदान के तहत जिले की उपलब्धियों और स्थानीय विकास कार्यों को जनभागीदारी से जोड़ने कहा। उन्होंने विद्यालय, अस्पताल एवं अन्य सार्वजनिक भवनों में स्वच्छता, सौंदर्यीकरण एवं आवश्यकतानुसार श्रमदान जैसे स्थायी सेवा कार्य करने तथा जल संरक्षण को अभियान का प्रमुख विषय बनाने कहा।

# आईजी ने किया बकरकट्टा थाना का औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज अजय यादव द्वारा आज जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई के सुदूर एवं सीमावर्ती क्षेत्र स्थित थाना बकरकट्टा का औचक निरीक्षण तथा आईटीबीपी कैम्प बकरकट्टा का भ्रमण किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई भी उनके साथ उपस्थित रहे।

औचक निरीक्षण के दौरान पुलिस महानिरीक्षक ने थाना बकरकट्टा की कार्यप्रणाली, कानून-व्यवस्था की स्थिति, अपराधों एवं लंबित प्रकरणों की समीक्षा की तथा थाना अभिलेखों का अवलोकन किया।

उन्होंने थाना प्रभारी एवं उपस्थित पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों से क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था तथा स्थानीय परिस्थितियों के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने साइबर जागृति अभियान में कार्रवाई का विवरण लिया।

### सुरक्षा व्यवस्था की ली जानकारी

पुलिस महानिरीक्षक द्वारा आईटीबीपी कैम्प बकरकट्टा का भी भ्रमण किया गया। इस दौरान आईटीबीपी एवं जिला पुलिस के अधिकारियों एवं जवानों से चर्चा कर क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था, आपसी समन्वय तथा संवेदनशील क्षेत्रों में प्रभावी निगरानी के संबंध में जानकारी ली गई।

### सतर्कता बनाए रखने निर्देश

उन्होंने सीमावर्ती क्षेत्र में जिला पुलिस एवं आईटीबीपी के मध्य बेहतर समन्वय, नियमित पेट्रोलिंग, प्रभावी सूचना तंत्र तथा सतत सतर्कता बनाए रखने के निर्देश दिए। साथ ही जवानों से संवाद कर उनकी ड्यूटी एवं कार्य परिस्थितियों की जानकारी लेते उनका उत्साहवर्धन किया। निरीक्षण के दौरान थाना प्रभारी बकरकट्टा, आईटीबीपी के अधिकारी एवं जवान तथा जिला पुलिस के अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# शिक्षक का समाज में स्थान सर्वोच्च : रमेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बांधाबाजार

ग्राम पंचायत बांधाबाजार के उपसरपंच एवं राजगामी संपदा न्यास के पूर्व सदस्य रमेश खंडेलवाल द्वारा शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला एवं शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला बांधाबाजार में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में दोनों विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिका शामिल हुए ।

इस अवसर पर प्राचार्य सुनिता कावरे, व्याख्यता अनसुईया चंद्रवंशी, एसपी जोशी, उददल सलामे, सुनीता चौधरी, देवप्रसाद लहरे, सविता, प्रधान पाठिका, नीलिमा, कांता साहू, महेश्वर कुमार गौतम को शॉल, श्रीफल एवं प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते वरिष्ठ कांग्रेस नेता रमेश खंडेलवाल ने कहा कि शिक्षक केवल किताबी ज्ञान देने वाले माध्यम नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र की मजबूत नींव तैयार करने वाले शिल्पी हैं। एक आदर्श शिक्षक ही विद्यार्थी के भीतर नैतिक मूल्यों, अनुशासन और सही

दृष्टिकोण का संचार करता है। जीवन की पहली गुरू मां होती है और उसके बाद शिक्षक ही वह प्रकाश स्तंभ है, जो व्यक्ति को अज्ञान के अंधकार से निकालकर सफलता के शिखर तक ले जाते हैं। उन्होंने उपस्थित छात्र-छात्राओं को प्रेरित करते कहा कि वे शिक्षकों के बताए मार्ग पर चलकर श्रेष्ठ नागरिक बने और क्षेत्र का नाम रोशन करें। आयोजन के दौरान दोनों शालाओं के प्राचार्य, समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। विद्यालय परिवार ने रमेश खंडेलवाल की इस पहल की सराहना करते उनका आभार व्यक्त किया।

### कच्ची महुआ शराब जब्त

**छुईखदान।** धरपकड़ अभियान के तहत पुलिस ने आरोपी के कब्जे से हाथ भट्ठी का कच्ची महुआ शराब बरामद कर कार्रवाई की है।

छुईखदान थाना क्षेत्र अंतर्गत 10 सितंबर को पुलिस ने घटनास्थल आरोपी के घर के सामने ग्राम गभरा में रेड कार्रवाई किया। आरोपी किशन कोसरे 47 साल साकिन गभरा के कब्जे से एक लगभग 6.5 बल्क लीटर हाथ भट्ठी कच्ची महुआ शराब कीमती 1300 रुपए एवं बिक्री रकम 500 रुपए कुल जुमला कीमती 1800 रुपए जब्त किया गया। आरोपी किशन कोसरे के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय के आदेशानुसार आरोपी किशन कोसरे को उपजेल सलोनी भेजा गया।

# साइंस कॉलेज परिसर में हरियाली की मिसाल, 2 हजार पौधे बने पेड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पर्यावरण संरक्षण को केवल किताबों तक सीमित न रखकर उसे व्यवहार में उतारने की दिशा में शासकीय शिवनाथ साइंस कॉलेज राजनांदगांव के सहायक प्राध्यापक व रासेयो अधिकारी डॉ. एसआर कन्नौजे लगातार काम कर रहे हैं। नवंबर 2005 से राष्ट्रीय सेवा योजना (रासेयो) के अधिकारी के रूप में विद्यार्थियों को समाज सेवा और पर्यावरण संरक्षण से जोड़ रहे हैं। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय परिसर में हरियाली बढ़ाने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 150 से 500 वृक्षारोपण किया जाता है। उनके प्रयासों का परिणाम है कि लगाए गए करीब 2000 पौधे अब पेड़ का रूप ले चुके हैं। विद्यार्थियों को पौधों की देखभाल और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया जाता है।

उन्होंने बताया कि महाविद्यालय परिसर और गोद ग्राम में गाजर घास उन्मूलन अभियान भी चलाया जाता है।

कॉलेज को प्लास्टिक मुक्त जोन बनाने के साथ ही ईको क्लब के माध्यम से पर्यावरण विषय पर व्याख्यान, रैली, निबंध, पोस्टर और रंगोली प्रतियोगिताएं आयोजित कर विद्यार्थियों में जागरूकता पैदा की जाती है। पर्यावरण संरक्षण को और मजबूत करने महाविद्यालय में वाटर हार्वेस्टिंग, कम्पोस्ट गड्ढे, औषधीय एवं वानस्पतिक गार्डन और पर्यावरण मित्र दल का गठन किया गया है।

डॉ. कन्नौजे का प्रयास विद्यार्थियों को यह समझाने का है कि पर्यावरण बचाना केवल जिम्मेदारी नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य की नींव है। उनके नेतृत्व में विद्यार्थी पौधारोपण से लेकर स्वच्छता और जनजागरूकता तक विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभा रहे हैं।

# लोकतंत्र की समझ और नेतृत्व क्षमता विकसित करने का सशक्त माध्यम है यूथ पार्लियामेंट : अभिषेक सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

केंद्रीय विद्यालय संगठन रायपुर रीजन द्वारा आयोजित यूथ पार्लियामेंट 2026 का आयोजन केंद्रीय विद्यालय राजनांदगांव की मेजबानी में किया गया। रायपुर रीजन के अंतर्गत आने वाले आठ केंद्रीय विद्यालयों के विद्यार्थियों ने इसमें सहभागिता करते संसदीय कार्रवाई का जीवंत प्रस्तुतिकरण किया।

कार्यक्रम में पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने सहभागिता कर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया तथा संसद की कार्यप्रणाली, सदन के संचालन, संसदीय मर्यादाओं, प्रश्न पूछने की प्रक्रिया एवं प्रभावी संवाद के संबंध में महत्वपूर्ण मार्गदर्शन दिया।

श्री सिंह ने कहा कि आज के विद्यार्थी ही कल के नीति-निर्माता, जनप्रतिनिधि और राष्ट्र के नेतृत्वकर्ता होंगे। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे लोकतंत्र की भावना को समझते अपने विचारों को मजबूत करें और जिम्मेदार नागरिक के रूप में विकसित भारत के निर्माण में अपनी भूमिका निभाने का संकल्प लें। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, संतोष अग्रवाल विधायक प्रतिनिधि, रविन्द्र कुमार असिस्टेंट कमिश्नर केंद्रीय विद्यालय संगठन रायपुर रीजन, ग्रीस बाबू प्राचार्य केंद्रीय विद्यालय धमतरी एवं मनोज अग्रवाल प्राचार्य केंद्रीय विद्यालय राजनांदगांव सहित आठों केंद्रीय विद्यालयों के शिक्षकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### लक्ष्य करें निर्धारित

उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते कहा कि बड़ा लक्ष्य निर्धारित करें, निरंतर सीखते रहें, अनुशासन को जीवन का हिस्सा बनाएं और अपनी प्रतिभा को समाज एवं राष्ट्र की सेवा से जोड़ें। उन्होंने कहा कि यूथ पार्लियामेंट जैसी गतिविधियां विद्यार्थियों में नेतृत्व, आत्मविश्वास, तार्किक सोच और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करती है।

### जनप्रतिनिधियों की भूमिका सीमित नहीं

विद्यार्थियों से संवाद करते अभिषेक सिंह ने कहा कि एक जनप्रतिनिधि की भूमिका केवल सदन में अपनी बात रखने तक सीमित नहीं होती, बल्कि जनता की समस्याओं को समझना, उनकी आवाज बनना और उन्हें प्रभावी ढंग से सदन तक पहुंचाना भी महत्वपूर्ण दायित्व है। उन्होंने अपने पूर्व सांसद के अनुभव साझा करते बताया कि गांव और शहर की स्थानीय समस्याएं किस प्रकार जनप्रतिनिधियों के माध्यम से उचित मंच तक पहुंचती है और जनहित के मुद्दों को प्रभावी तरीके से उठाने के लिए तथ्य, संवाद एवं निरंतर प्रयास का महत्व क्या है।

## बारिश ने बढ़ाई परेशानी, 500 से 50 हजार रुपए तक की प्रतिमाएं तैयार

# बढ़ती महंगाई की मार, श्री गणेश मूर्ति को अंतिम रूप दे रहे मूर्तिकार

- शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में श्री गणेश पंडाल की तैयारियां जोरों पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

गणेशोत्सव के लिए अब महज एक सप्ताह का समय शेष है। ऐसे में जिले के मूर्तिकार विघ्नहर्ता मंगलमूर्ति भगवान श्री गणेश की प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में जुटे हुए हैं। इस बार प्रतिमा निर्माण पर महंगाई का असर साफ दिखाई दे रहा है।

मूर्ति बनाने में उपयोग होने वाली सामग्री के दाम बढ़ने के कारण पिछले वर्ष की तुलना में प्रतिमाओं की कीमत में भी वृद्धि हुई है। वहीं लगातार हो रही बारिश ने कलाकारों की परेशानी और बढ़ा दी है।

मूर्तिकारों के अनुसार पिछले वर्ष की तुलना में प्रतिमाओं की कीमत में करीब 2 से 5 हजार रुपए तक की वृद्धि हुई है। प्रतिमा निर्माण में इस्तेमाल होने वाले पेंट, रंग, मिट्टी सहित अन्य सामग्री महंगी हो गई है। मूर्तिकारों का कहना है कि जिन पेंट और अन्य सामग्रियों को पहले 200 से 400 रुपए में खरीदा जाता था, उनके दाम अब लगभग दोगुने हो गए हैं। इसके साथ ही प्रतिमाओं को तैयार करने में मेहनत और समय भी अधिक लगता है।

मूर्तिकार युवराज और शिवप्रसाद ने बताया कि उनके यहां 500 रुपए से लेकर 40-50 हजार रुपए तक की गणेश प्रतिमाएं तैयार की जा रही हैं। बड़ी प्रतिमाएं समितियों के ऑर्डर और एडवांस राशि के आधार पर बनाई जा रही हैं। कई समितियां भगवान गणेश के छायाचित्र के अनुसार प्रतिमा तैयार करने का ऑर्डर दे रही हैं। वहीं घरों और छोटी समितियों की जरूरत को देखते हुए छोटी प्रतिमाएं भी तैयार की गई हैं।

### अंतिम रंग-रोगन कार्य में जुटे मूर्तिकार

नगर के सरदार पटेल मैदान परिसर में नगर पालिका की अनुमति से अस्थायी वॉटरप्रूफ पंडाल बनाकर प्रतिमाओं का निर्माण किया जा रहा है। फिलहाल कलाकार गणेश प्रतिमाओं की रंगाई-पुताई और सजावट सहित अंतिम काम में व्यस्त हैं। इसी के साथ भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा का निर्माण भी किया जा रहा है। 14 सितंबर को श्री गणेश प्रतिमाओं की स्थापना के बाद 17 सितंबर को विश्वकर्मा जयंती मनाई जाएगी। इसके बाद मूर्तिकार माता जगदंबा की प्रतिमाओं के निर्माण में जुट जाएंगे।

### मूर्तिकारों के लिए मौसम बनी चुनौती

मूर्तिकारों के लिए सबसे बड़ी चुनौती मौसम बना हुआ है। बारिश होने पर पंडाल के भीतर ही काम करना पड़ता है, जिससे प्रतिमाओं को सूखने में अधिक समय लगता है।

## योगेश वर्मा होंगे जपं बोड़ला के नए सीईओ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

प्रशासनिक व्यवस्था के तहत आकाश सिंह सहायक परियोजना अधिकारी एवं प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बोड़ला को आगामी आदेश तक जिला पंचायत कबीरधाम में कार्य करने हेतु आदेशित किया गया।

उनके स्थान पर योगेश वर्मा प्रभारी सहायक परियोजना अधिकारी जिला पंचायत कबीरधाम को अस्थाई रूप से मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बोड़ला का समस्त प्रभार कलेक्टर कबीरधाम द्वारा सौपा गया।

इस संबंध में प्राप्त जानकारी अनुसार जनपद पंचायत बोड़ला क्षेत्र में कार्य के सुचारू संचालन हेतु प्रशासनिक व्यवस्था के तहत अधिकारियों के मध्य कार्य दायित्व हेतु नई जिम्मेदारियां सौपी गई है, इस संबंध में आदेश जारी करते हुए इसे तत्काल प्रभाव से लागू किया गया है।

## खबर संक्षेप

### रविदास महाराज जयंती में निकाली भव्य कलश यात्रा

**कुण्डा।** प्रदेश भाजपा नेतृत्व के आह्वान पर जिलाध्यक्ष भाजपा राजेन्द्र चंद्रवंशी एवं कुण्डा मण्डल प्रभारी रूपेश जैन के निर्देशानुसार मण्डल अध्यक्ष कुण्डा बालमुकुंद चंद्रवंशी के कुशल मार्गदर्शन में एवं महामंत्री मनहरण साहू के दिशानिर्देश में भाजपा मण्डल कुण्डा द्वारा संत शिरोमणि रविदास जी महाराज की 650वीं जयंती के पावन अवसर पर सेवा संकल्प कार्यक्रम एवं भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया। भव्य कलश यात्रा का शुभारंभ हरि मंदिर कुण्डा से पूजा-अर्चना के साथ हुआ। सिर पर कलश धारण किए हुए माताओं-बहनों और भाजपा कार्यकर्ताओं की टोली जयकारों के साथ निकली। यह कलश यात्रा श्री हरि मंदिर कुण्डा से निकलकर रामपुर पारा, गुरुनानक चौक, महामाया मंदिर, बस स्टैंड कुण्डा, शिव नगर, पारधी पारा, धापपार, आजाद चौक, महावीर चौक होते हुए भारत माता चौक, शांति नगर होते हुए शिव मंदिर तलाब पार से श्री हरिमंदिर में समापन कार्यक्रम सम्पन्न हुई। पूरे नगर में यात्रा का जगह-जगह पुष्पवर्षा से स्वागत किया गया। यात्रा के दौरान संत रविदास महाराज अमर रहें के जयकारों से पूरा कुण्डा नगर गूंज उठा। बालमुकुंद चंद्रवंशी ने कहा कि संत रविदास जी ने समाज को समरसता और कर्म का संदेश दिया। उनके बताए मार्ग पर चलकर ही भाजपा सेवा संकल्प के साथ कार्य कर रही है। उक्त कार्यक्रम में दिनेश मिश्रा, सुमन गुप्ता, दिनेश चंद्रवंशी, मोहन चंद्रवंशी, भोलाराम चंद्रवंशी, देवेंद्र चंद्रवंशी, निलेश गुप्ता, फिरतू साहू, रमन खनूजा, बबली साहू, साजन सारथी, सरिता वैष्णव, राजेश यादव, अश्वनी यदु, जोगी चंद्रकर, रामप्रताप चंद्रसेन व राजू चंद्राकर सहित नगरवासी उपस्थित थें।

### पोरा-तिहार पर बैल दौड़, बर्तन सजाओ स्पर्धा आयोजित

**कवर्धा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भेदली में पोरा-तिहार के अवसर पर नदिया बैला दौड़ के साथ-साथ मिट्टी के बर्तन सजाओ प्रतियोगिता एवं व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। संस्था के प्रधान पाठक आसकरण सिंह धुर्वे ने बताया कि पोरा तिहार के संदर्भ में बच्चों वाक्य रचना कराया गया, वाचिक परम्परा के माध्यम से कक्षा में व्याख्यान हुआ, सभी बच्चों ने भाग लिया। चर्चा में बताया गया कि पोरा के दिन से धान में गर्भ धारण करने की स्थिति में पोर गांठ बनता है, अर्थात धान, कोदो के फसलों में मां बनने की क्षमता विकसित होता है। साथ ही उस दिन पोरा मिट्टी के बर्तन का पूजा करके उसे पटकने (फोडना) की परिपाटी चली आ रही है। इससे संबंधित हमारी एक पुरातन परम्परा चला रहा है, जिसमें बालक को गृहस्थ जीवन को कुशल संचालन के लिए मेहनत करने प्रेरित करते हुए बैल खेलने दिया जाता है तथा बालिकाओं को घरेलू उपयोग की मिट्टी के विभिन्न बर्तनों से अवगत कराया जाता है। वहीं शाला में आयोजित बैल दौड़ में ईशु साहू प्रथम, बर्तन सजाओ में तुलसी साहू प्रथम स्थान प्राप्त किए। अवसर पर प्रधान पाठक आसकरण सिंह धुर्वे, शिक्षक-शिक्षिकाएं श्रीमती वर्षा मानिकपुरी, दशरथ निर्मलकर, श्रीमती ललिता, कर्नल तिवारी व छात्र छात्राएं उपस्थित थें।

### झीरम घाटी हमला जिसे कोई नहीं भूल सकता : संतोष

**कोलेगांव।** झीरम घाटी की नक्सली हिंसा को छत्तीसगढ़ के इतिहास का ऐसा काला अध्याय बताते हुए भाजपा नेता एवं पूर्णकालिक प्रदेश विस्तारक, लोकसभा छत्तीसगढ़ संतोष चंद्रवंशी ने घटना में शहीद हुए वरिष्ठ नेताओं, जनप्रतिनिधियों, सुरक्षा जवानों एवं कार्यकर्ताओं को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश के लिए समर्पित होकर अपने प्राण न्यौछावर करने वाले सभी शहीदों की शहादत को हमेशा याद रखा जाएगा। संतोष चंद्रवंशी ने कहा कि न्यायालय के निर्णय के बाद विपक्ष द्वारा जिस तरह राजनीतिक बयानबाजी की जा रही है, वह दुर्भाग्यपूर्ण है। न्यायालय के फैसले को राजनीति के चश्मे से देखना शहीदों के प्रति अन्याय है और न्याय व्यवस्था के प्रति भी उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि झीरम घाटी की भयावह घटना के प्रत्येक पहलू की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। जांच में जो भी व्यक्ति कानून की नजर में दोषी साबित हो, उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए। किसी भी जांच या न्यायिक प्रक्रिया को राजनीतिक आरोपों को सही साबित करने का माध्यम नहीं बनाया जाना चाहिए। चंद्रवंशी ने विपक्ष और कांग्रेस से सवाल करते हुए कहा कि यदि उनके पास घटना से जुड़े कोई ठोस तथ्य, दस्तावेज या प्रमाण हैं तो उन्हें जांच एजेंसी और न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करना चाहिए। केवल प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से आरोप लगाने से न्यायसंगत निष्कर्ष तक नहीं पहुंचा जा सकता। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की प्राथमिकता राजनीति नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ के शहीदों को न्याय दिलाना है। नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई में हिंसा करने वालों को संरक्षण नहीं, बल्कि कानून के कटघरे तक पहुंचाना ही लक्ष्य है। झीरम घाटी के शहीदों के परिवारों को राजनीतिक बयान नहीं, न्याय चाहिए। इसलिए सभी पक्षों को राजनीति से ऊपर उठकर जांच, कानून और न्यायपालिका पर भरोसा करना चाहिए।

### सिंघनपुरी में श्रीराम नाम संकीर्तन रामधुनी आयोजित

**बरबसपुर।** जिला मुख्यालय अंतर्गत ग्राम सिंघनपुरी में प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष भी श्रीराम नाम संकीर्तन रामधुनी का धार्मिक आयोजन किया गया, कार्यक्रम का प्रारंभ भगवान श्री बाल गोपाल की पूजा-पाठ कर तथा श्रीफल भेंटकर श्रीसीताराम-सीताराम की गुंज से समस्त ग्रामवासी द्वारा किया गया और भक्तजनों ने भगवान श्री बाल गोपाल को झूले मे बैठाकर 24 घंटे तक झूलाते रहे। श्रद्धालु की 24 घंटे तक विभिन्न गांव के टोलियों पार्टी ने श्रीराम रामधुनी संकीर्तन आयोजन में पहुंचकर संगीत के माध्यम से तथा ढोलक, झुमका, मंजीरा के माध्यम से श्री सीताराम सीताराम का रट 24 घंटे तक गांव में संदेश गुंजता रहा और पूरे गांव धार्मिक एवं भक्तिमय माहौल रहा। सिलीप यादव ने बताया कि आसपास के गांव से 25 टोलियां ने श्रीराम रामधुनी में पहुंचकर श्री सीताराम सीताराम कीर्तन भजन की शानदार प्रस्तुति दिया गया जो पारंपरिक वाद्य यंत्र की गूंज गांव में गुजता रहा जिसे लोगों में भारी उत्साह दिखाई दी।

## लो वोल्टेज व उमस से ग्रामीण परेशान, क्षमता के अनुसार बड़ा ट्रांसफार्मर लगाने की मांग

- कोलेगांव बिजली सब स्टेशन को अलग फीडर करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव स्थित बिजली सब स्टेशन के अंतर्गत आने वाले ग्रामीण इन दिनों लो वोल्टेज, बिजली कटौती और गर्मी-उमस की समस्या से परेशान हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि सब स्टेशन के अंतर्गत बड़ी संख्या में गांव जुड़े हुए हैं, लेकिन क्षेत्र की आवश्यकता के अनुसार ट्रांसफार्मर की क्षमता पर्याप्त नहीं होने के कारण कई बार घरों और कृषि कार्य के लिए पर्याप्त वोल्टेज नहीं मिल पाता। ग्रामीणों के अनुसार कम वोल्टेज के कारण ट्यूबवेल भी सही ढंग से संचालित नहीं हो पा रहे हैं। इस वर्ष पर्याप्त बारिश नहीं होने से खेतों में नमी की कमी बनी हुई है। ऐसे में सिंचाई के लिए बिजली पर निर्भर किसानों की परेशानी और बढ़ गई है। दूसरी ओर लगातार गर्मी, उमस और मच्छरों की अधिकता के कारण आम नागरिक भी परेशान हैं।

ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन और बिजली विभाग से मांग की है कि कोलेगांव बिजली सब स्टेशन में क्षेत्र की आवश्यकता के अनुसार बड़े क्षमता वाले नए ट्रांसफार्मर की व्यवस्था की जाए, ताकि लो वोल्टेज की समस्या दूर हो सके और ग्रामीणों को पर्याप्त बिजली मिल सके। ग्रामीणों का कहना है कि कोलेगांव सब स्टेशन को अलग फीडर में विभाजित करने से बिजली आपूर्ति व्यवस्था बेहतर होगी और फाल्ट होने की स्थिति में पूरे क्षेत्र की बिजली बंद होने की समस्या से राहत मिल सकेगी। ग्रामीणों ने बिजली विभाग से जल्द सर्वे कर आवश्यक क्षमता का ट्रांसफार्मर लगाने तथा फीडर व्यवस्था को अलग करने की मांग की है।

## संस्कारों से पर्यावरण संरक्षण की ओर बढ़ रहे बच्चेः पूनम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

बदलते समय के साथ यदि हमारी संस्कृति और परंपराओं को विज्ञान एवं पर्यावरण संरक्षण से जोड़ दिया जाए, तो बच्चों के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव की एक नई तस्वीर उभर सकती है। इसी सोच को साकार करते हुए शासकीय हाई स्कूल भालुचुवा में पोला पर्व के अवसर पर एक अनूठी एवं प्रेरणादायी गतिविधि आयोजित की गई।

विद्यालय की विज्ञान व्याख्याता श्रीमती पूनम तिवारी ने विद्यार्थियों को पोला पर्व की सांस्कृतिक परंपरा, उसके महत्व, कृषि एवं पशुधन के प्रति सम्मान तथा पर्व से जुड़े पारंपरिक खान-पान की जानकारी दी। इसके साथ ही उन्होंने बच्चों को यह समझाने का प्रयास किया कि हमारी परंपराओं को पर्यावरण संरक्षण से जोड़कर उन्हें और अधिक सार्थक बनाया जा सकता है। इसी उद्देश्य से पोला पर्व में उपयोग किए जाने वाले छोटे-छोटे मिट्टी के मटकों को अनुपयोगी छोड़ने के बजाय उनमें तुलसी, एलोवेरा जैसे औषधीय पौधों का रोपण कराया गया। बच्चों ने स्वयं पौधे लगाए और उनकी नियमित देखभाल एवं संरक्षण का संकल्प लिया।

यह पहल केवल विद्यालय तक सीमित नहीं रही, बल्कि इसके माध्यम से बच्चों को अपने घर और गांव तक पर्यावरण संरक्षण का संदेश पहुंचाने के लिए प्रेरित किया गया। मिट्टी के मटकों का पुनः उपयोग, औषधीय पौधों का संरक्षण और उनकी देखभाल-इन छोटी-छोटी गतिविधियों ने बच्चों को यह सीख दी कि पर्यावरण संरक्षण की शुरुआत हमारे अपने घर और आसपास से ही की जा सकती है। इस पहल में संस्कृति के संस्कार, विज्ञान की सोच और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी का सुंदर समन्वय देखने को मिला।

विद्यार्थियों में अपनी छत्तीसगढ़ी संस्कृति के प्रति गौरव के साथ-साथ प्रकृति एवं पशुधन के प्रति संवेदनशीलता विकसित हुई। विद्यालय परिवार ने इस अभिनव पहल की सराहना करते हुए इसे बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कार, संस्कृति और पर्यावरण से जोड़ने वाला सार्थक प्रयास बताया। बच्चों के हाथों में जब संस्कृति की विरासत और विज्ञान की सोच आती है, तो गांव की तस्वीर बदलने लगती है।

## अनेक बीमारियों के बीच नई गन्ना फसल वैरायटियां दे रहीं किसानों को नई उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

गन्ने की फसल में लगातार सामने आ रही बीमारियों और कीटों की चुनौतियों के बीच नई एवं उन्नत गन्ना वैरायटियां किसानों के लिए उम्मीद की नई किरण बनकर सामने आ रही हैं। पंडरिया शक्कर कारखाना क्षेत्र में नई वैरायटियों के प्रदर्शन से किसानों में उत्साह देखा जा रहा है।

ग्राम दशरंगपुर के किसान धर्मेंद्र चंद्रवंशी ने अपने खेत में नई गन्ना वैरायटी का प्रदर्शन किया है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में गन्ने की फसल में कई प्रकार की बीमारियों की समस्या है, लेकिन नई वैरायटी में अच्छी बढ़वार, गन्ने की मोटाई और बेहतर पौध विकास दिखाई दे रहा है। इससे विपरीत परिस्थितियों में भी बेहतर उत्पादन की उम्मीद जगी है। इसी तरह ग्राम डोंगरिया के किसान मिथलेश चंद्रवंशी ने बताया कि खेत में नई वैरायटी की फसल का विकास देखकर उनका उत्साह बढ़ा है। यदि इसी तरह फसल का विकास जारी रहा तो आने वाले समय में यह किसानों के लिए बेहतर विकल्प साबित हो सकती है। पंडरिया शक्कर कारखाना के गन्ना विभाग द्वारा किसानों के खेतों में नई वैरायटियों के प्रदर्शन और विकास का निरीक्षण किया जा रहा है। विभाग का उद्देश्य क्षेत्र की जलवायु के अनुकूल वैरायटियों को बढ़ावा देकर उत्पादन और किसानों की आय में वृद्धि करना है।

## जन्मजात व हृदय रोगों का किया निःशुल्क उपचार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के बच्चों में विभिन्न जन्मजात एवं गंभीर बीमारियों की समय पर पहचान कर आवश्यक उपचार उपलब्ध कराने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगातार स्क्रीनिंग एवं उपचार की कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में आरबीएसके श्रेणी-ए के अंतर्गत जिले में पिछले 3 वर्षों में 60 बच्चों का हृदय रोग का सफल उपचार, 21 बच्चों के कटे-फटे होंठ एवं तालु का ऑपरेशन, 05 बच्चों के टेढ़े-मेढ़े पैर एवं 04 बच्चों की नवजात बधिरता जैसी स्वास्थ्य समस्याओं का सफल उपचार किया गया।

## मोदी के जन्मदिन में हर बूथ में जलेंगे 101 दीप : नितेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

भाजपा द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक देशभर में चलाए जाने वाले सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत लोहारा मंडल में आयोजित कार्यशाला में भाजपा जिला महामंत्री नितेश अग्रवाल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए अभियान को प्रत्येक बूथ तक प्रभावी रूप से पहुंचाने का आह्वान किया।

कार्यशाला में नितेश अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जीवन राष्ट्रसेवा, जनकल्याण और गरीबों के उत्थान के लिए समर्पित रहा है। उनके जन्मदिवस को केवल उत्सव के रूप में नहीं, बल्कि सेवा, संकल्प और जनकल्याण के कार्यों के माध्यम से मनाना भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है। उन्होंने विशेष रूप से 17 सितंबर को शाम 7 बजे प्रत्येक बूथ पर 101 दीप प्रज्जवलित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यह दीप प्रधानमंत्री मोदी के प्रति जनता और कार्यकर्ताओं के आर्शीवाद एवं कृतज्ञता का प्रतीक होंगे।

इस अवसर पर जिसने जीवन संवारा, उसे आर्शीवाद हमारा के भाव के साथ प्रत्येक बूथ पर 101 दीप प्रज्जवलित किए जाएंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि अभियान को केवल संगठनात्मक कार्यक्रम न मानते हुए इसे सेवा और जनसंपर्क का महाअभियान बनाएं तथा प्रत्येक बूथ पर सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें। नितेश अग्रवाल ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आर्शीवाद का दिया, नमो गाथा, आंगन का मिलन, सेवाज्योति यात्रा, 'विकसित भारत यात्रा' सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## खबर संक्षेप

### छात्रवृत्ति हेतु पंजीयन एवं नवीनीकरण प्रारंभ

**कवर्धा।** सत्र 2026-27 के लिए एसटी, एससी एवं ओबीसी वर्ग के विद्यार्थियों की राज्य छात्रवृत्ति हेतु पंजीयन एवं नवीनीकरण की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। पूर्व सत्र की भांति छात्रवृत्ति के लिए विद्यार्थियों के आवश्यक प्रमाण पत्र, राशन कार्ड में ई-केवाईसी तथा आधार से लिंक बैंक खाता होना अनिवार्य है। विद्यार्थियों के कक्षा परिवर्तन के साथ नवीनीकरण के प्रकरणों को सबसे पहले जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) के लॉगिन पर भेजा जाना है। इसके साथ ही समस्त पात्र विद्यार्थियों के पंजीयन, नवीनीकरण एवं सत्यापन का कार्य निर्धारित समय-सीमा 30 सितंबर 2026 तक पूर्ण किया जाना है।

### गणेश पंडालों में अग्नि सुरक्षा की अपील

**कवर्धा।** जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी के आदेशानुसार गणेश चतुर्थी पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की अग्नि दुर्घटना से बचाव के लिए जिले में स्थापित समस्त गणेश पंडाल एवं विसर्जन झांकी के आयोजकों को आवश्यक सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। अग्निशमन विभाग द्वारा गणेश पंडालों में अच्छी विद्युत वायरिंग का उपयोग करने तथा यह सुनिश्चित करने कहा गया है कि विद्युत वायर कहीं से कटा हुआ न हो। क्षमता से अधिक विद्युत भार का उपयोग करने से शॉर्ट सर्किट होने की संभावना रहती है, इसलिए विद्युत भार का विशेष ध्यान रखा जाए। विद्युत पैनल बोर्ड पंडाल से बाहर सुरक्षित स्थान पर स्थापित किया जाना चाहिए। अग्नि सुरक्षा की दृष्टि से प्रत्येक गणेश पंडाल एवं विसर्जन झांकी स्थल पर कम से कम 4-4 किलोग्राम क्षमता के 02 नग एबीसी टाइप फायर एक्सटिंग्विशर रखना सुनिश्चित करने कहा गया है, ताकि आवश्यकता पड़ने पर तत्काल आग पर नियंत्रण पाया जा सके।

### आशीर्वाद का दीया अभियान 17 सितम्बर को

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा जारी निर्देशों के तहत जिले में आशीर्वाद का दीया गतिविधि का व्यापक आयोजन किया जाएगा। इसके अंतर्गत 17 सितंबर 2026 को शाम 7 बजे जिलेभर में विभिन्न स्थानों पर दीप प्रज्वलन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति के निर्देश पर अधिकारियों की ड्यूटी भी लगाई गई है। जारी आदेश के अनुसार कार्यक्रम के सफल एवं व्यापक आयोजन के लिए जिला स्तर पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों को विभिन्न गतिविधियों के लिए नोडल अधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। कार्यक्रम में अधिक से अधिक जनभागीदारी सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया है। कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति ने बताया कि "आशीर्वाद का दीया" अभियान के तहत भोरमदेव मंदिर प्रांगण, सरोदा दादर, बुढ़ा महादेव मंदिर प्रांगण कवर्धा, नवीन मेडिकल कॉलेज, भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना एवं लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल सहकारी शक्कर कारखाना सहित प्रमुख स्थलों पर दीप प्रज्वलन किया जाएगा। इसके साथ ही पीएम जनमन गांवों के अंतर्गत सड़कों, सभी शासकीय कार्यालयों, नगरीय निकायों, प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत निर्मित आवास कॉलोनियों, अमृत सरोवरों तथा लखपति दीदी आजीविका केंद्रों में भी दीप प्रज्वलन की व्यवस्था की जाएगी।

## कार्रवाई : 10 हजार रुपए नकद और इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन जब्त

# 2.628 किलो ग्राम गांजा के साथ एक महिला चढ़ी पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिले में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सिटी कोतवाली पुलिस ने ग्राम कांपा में कार्रवाई करते हुए 2.628 किलोग्राम गांजा बरामद किया है। मामले में पुलिस ने एक महिला को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने उसके कब्जे से गांजा बिक्री की रकम 10 हजार रुपए नकद और 10 किलोग्राम क्षमता वाली इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन भी जब्त की है। जब्त गांजा, नकदी और अन्य सामान की कुल कीमत करीब 1 लाख 35 हजार रुपए बताई गई है।

पुलिस के अनुसार, थाना सिटी कोतवाली को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम कांपा में गिरधारी यादव के आवासीय मकान के पीछे बाड़ी में शौचालय के पास गांजा छिपाकर रखा गया है। सूचना की पुष्टि के बाद थाना प्रभारी निरीक्षक लालजी सिन्हा के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची और एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों के तहत तलाशी कार्रवाई की।

### कंडों में छिपाकर रखा था गांजा

तलाशी के दौरान आरोपिया तितरी बाई यादव आयु 43 पति गिरधारी यादव, निवासी ग्राम कांपा, थाना कवर्धा, जिला कबीरधाम के कब्जे से कंडों में छिपाकर रखे खाकी रंग के दो पैकेट और नीले रंग के कपड़े के थैले से कुल 2.628 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया। पुलिस ने गांजा बिक्री से प्राप्त 10 हजार रुपए नकद और गांजा तौलने में इस्तेमाल की जा रही इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन भी जब्त की।

### एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई

पुलिस ने मामले में महिला के खिलाफ स्वापक औषधि एवं मनःप्रभावी पदार्थ अधिनियम के तहत वैधानिक कार्रवाई की है। पुलिस का कहना है कि जिले में मादक पदार्थों के अवैध क्रय-विक्रय और तस्करी के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। कबीरधाम पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि क्षेत्र में मादक पदार्थों की अवैध बिक्री, खरीद या तस्करी से संबंधित कोई जानकारी मिलने पर तत्काल पुलिस को सूचना दें, ताकि ऐसे अवैध कारोबार के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की जा सके।

# बीमारियों की रोकथाम को लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट

■ लोगों से अपील, इन्फ्लुएंजा के लक्षणों को पहचानें

### बचाव के लिए इन बातों का रखें ध्यान

स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि खांसी या छींकते समय अपने मुंह एवं नाक को ढकें। नियमित रूप से साबुन एवं पानी से हाथ धोएं, पर्याप्त आराम करें तथा बीमार होने की स्थिति में घर पर आराम करें, ताकि संक्रमण के प्रसार को कम किया जा सके। यदि इन्फ्लुएंजा के लक्षण 5-6 दिनों से अधिक समय तक बने रहें, लक्षण बहुत गंभीर हों अथवा व्यक्ति को पहले से कोई गंभीर बीमारी हो, तो बिना देरी किए नजदीकी शासकीय स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सक से परामर्श लेना चाहिए।

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिले में मौसमी एवं संक्रामक बीमारियों से बचाव और रोकथाम को लेकर स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगातार जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. डी.के. तुर्रे ने जिलेवासियों से अपील की है कि इन्फ्लुएंजा के सामान्य लक्षणों को नजरअंदाज न करें तथा लक्षण दिखाई देने पर समय पर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर चिकित्सकीय परामर्श लें। सीएमएचओं डॉ. डीके तुर्रे ने बताया कि इन्फ्लुएंजा में बहुत अधिक थकान, भूख कम लगना, खांसी, गले में खराश, उल्टी, जोड़ों एवं मांसपेशियों में दर्द, नाक बहना, बुखार, सिरदर्द और दस्त जैसे लक्षण दिखाई दे सकते हैं। अधिकांश मामलों में पर्याप्त आराम, पर्याप्त मात्रा में पानी का सेवन, संतुलित आहार एवं चिकित्सकीय सलाह से राहत मिल सकती है।

### कम होगी बीमारी की गंभीरता

सीएमएचओं ने कहा कि इन्फ्लुएंजा के लक्षणों की समय पर पहचान और उचित चिकित्सकीय परामर्श एवं उपचार से बीमारी की गंभीरता को कम किया जा सकता है। उन्होंने जिलेवासियों से स्वास्थ्य संबंधी लक्षणों को लेकर सतर्क रहने तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी आवश्यक सावधानियों और सलाह का पालन करने की अपील की है।

# पिपरिया नगर में ढाई करोड़ की लागत से बनेगा सीएचसी भवन

## उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने किया भूमिपूजन

■ पिपरिया क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं का होगा विस्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

उप मुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा ने आज पिपरिया में 2 करोड़ 50 लाख रुपए की लागत से बनने वाले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। इस दौरान शर्मा ने पिपरिया नगर पंचायत क्षेत्र में लगभग 3 करोड़ रुपए की लागत से विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन भी किया।

उप मुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा ने नगर पंचायत पिपरिया वासियों को मिली बड़ी सौगात पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए क्षेत्रवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत पिपरिया में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन का निर्माण हो जाने से क्षेत्र के ग्रामीणों को बेहतर एवं सुगम स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी।

उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार के पिछले ढाई वर्षों के कार्यकाल में प्रदेश के साथ-साथ कबीरधाम जिले में भी स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार और सुदृढ़ीकरण की दिशा में कार्य किए गए हैं।

उन्होंने बताया कि जिला चिकित्सालय कवर्धा में लगभग 4 करोड़ रुपए की लागत से सिटी स्कैन मशीन स्थापित की गई है। इसके माध्यम से प्रत्येक माह लगभग एक हजार लोगों का सफलतापूर्वक सिटी स्कैन किया जा रहा है। इसके अलावा जिला अस्पताल में एएनएम की नियुक्ति भी की गई है। उप मुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक श्री शर्मा ने कहा कि कवर्धा में मेडिकल कॉलेज की स्थापना जिले एवं पूरे अंचल में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार की दृष्टि से मील का पत्थर साबित होगी। कवर्धा मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस का पहला बैच प्रारंभ हो गया है और वर्तमान में शासकीय मेडिकल कॉलेज में 42 विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया है।

उन्होंने बताया कि मेडिकल कॉलेज में सबसे पहले प्रवेश लेने का गौरव सहसपुर लोहारा के हिमांशु देवांगन को प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज भवन का निर्माण कार्य तेजी से किया जा रहा है। यह प्रदेश में सबसे तेजी से निर्मित होने वाले मेडिकल कॉलेज भवनों में शामिल होगा। मेडिकल कॉलेज के पूर्ण रूप से प्रारंभ होने के बाद जिलेवासियों को उच्च स्तरीय चिकित्सा सेवाओं का लाभ स्थानीय स्तर पर मिल सकेगा।

इस अवसर पर पूर्व संसदीय सचिव डॉ. सियाराम साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष घुरवा राम साहू, उपाध्यक्ष शिव चरण पटेल, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अनिल ठाकुर, मुकेश अग्रवाल, कमलकांत नाविक, सहित जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

### नगर को मिली करीब 3 करोड़ की सौगात

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने पिपरिया नगर पंचायत क्षेत्र में लगभग 3 करोड़ रुपए की लागत से विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन भी किया। इन कार्यों में 9.88 लाख रुपए की लागत से वार्ड क्रमांक 15 में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला के पास स्थित चैक का सौंदर्यीकरण, 9.33 लाख रुपए की लागत से पैठू तालाब के पास गौरैया चौक निर्माण तथा 9.57 लाख रुपए की लागत से वार्ड क्रमांक 14 में प्रतीक्षा बस स्टैंड के पास घड़ी चौक निर्माण कार्य शामिल हैं। इसी प्रकार वार्ड क्रमांक 2 में 14.33 लाख रुपए की लागत से सामुदायिक भवन एवं इंटरलॉकिंग कार्य तथा 9.33 लाख रुपए की लागत से वाचनालय भवन निर्माण एवं पुस्तकों की खरीदी सहित अन्य विभिन्न विकास कार्यों का भी लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया गया।

# महिला सशक्तीकरण पर जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭पांडातराई

अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय महाविद्यालय, पांडातराई, जिला कबीरधाम में गत दिनों महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को महिला अधिकारों, आत्मनिर्भरता, शिक्षा तथा समाज में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगर पंचायत पांडातराई की अध्यक्ष श्रीमती सरिता सोनी रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एलके तिवारी ने की। कार्यक्रम के संयोजक श्रीमती पूर्वा गुप्ता एवं एसएस. श्याम सर रहे। वहीं आईक्यूएसी प्रभारी डॉ. एमके त्यागी सर की भी गरिमामयी उपस्थिति रही। मुख्य अतिथि श्रीमती सरिता सोनी ने अपने संबोधन में कहा कि महिलाओं को शिक्षा, आत्मनिर्भरता और समान अवसर प्रदान करना समाज के विकास के लिए आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को महिलाओं के सम्मान एवं अधिकारों के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एलके तिवारी सर ने महिला सशक्तिकरण को वर्तमान समय की आवश्यकता बताते हुए कहा कि शिक्षित और आत्मनिर्भर महिला परिवार, समाज एवं राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देती है।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के विद्यार्थियों को महिला सशक्तिकरण के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी गई। उपस्थित विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों एवं उपस्थितजनों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

# नगर में वर्षों से जारी रामायण मंडली, हर गुरुवार गूंजता है प्रभु श्रीराम का गुणगान

हरिभूमि न्यूज ⏭पाण्डातराई

नगर पंचायत पांडातराई के वार्ड क्रमांक 7 में पिछले कई वर्षों से रामायण मंडली का आयोजन निरंतर किया जा रहा है। प्रत्येक गुरुवार को होने वाले इस धार्मिक आयोजन में वार्डवासियों के साथ नगर के अन्य नागरिक तथा आसपास के गांवों से आने वाले लोक कलाकार भी शामिल होते हैं।

रामायण मंडली के माध्यम से भगवान श्रीराम के जीवन प्रसंगों, उनकी लीलाओं और आदर्शों का वर्णन किया जाता है। धार्मिक वातावरण में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम का नगरवासी लगातार लाभ उठा रहे हैं। रामायण मंडली में प्रत्येक गुरुवार श्रद्धालु एकत्रित होकर भगवान श्रीराम की जीवन गाथा का श्रवण करते हैं।

इस दौरान पंडित नीलकमल मिश्रा द्वारा रामायण के विभिन्न प्रसंगों का विस्तारपूर्वक वर्णन किया जाता है। भगवान श्रीराम के जीवन से जुड़े प्रसंगों के माध्यम से श्रद्धालुओं को सत्य, धर्म, मर्यादा, त्याग, सेवा और कर्तव्य के मार्ग पर चलने का संदेश दिया जाता है।

रामायण मंडली में भक्ति गीतों एवं धार्मिक प्रस्तुतियों के माध्यम से भी वातावरण भक्तिमय बना रहता है। वार्ड क्रमांक 7 में लंबे समय से प्रत्येक गुरुवार आयोजित होने वाली रामायण मंडली अब क्षेत्र की धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपरा का हिस्सा बन चुकी है। नियमित रूप से आयोजित होने के कारण श्रद्धालुओं में भी इसके प्रति विशेष उत्साह रहता है।

आयोजन में बड़ी संख्या में वार्डवासी शामिल होकर रामायण का श्रवण करते हैं और भगवान श्रीराम के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लेते हैं।

### फायर सेफ्टी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई स्वामी करपात्री जी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कवर्धा एवं जिला फायर सेफ्टी टीम के संयुक्त तत्वाधान में विद्यालय परिसर में फायर सेफ्टी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम प्रभारी प्राचार्य डीएस क्षत्रिय एवं कार्यक्रम अधिकारी वजन राम साहू के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। जिला फायर सेफ्टी टीम के सदस्यों ने विद्यार्थियों को आग लगने की स्थिति में बरती जाने वाली सावधानियों एवं आग पर नियंत्रण पाने के विभिन्न सुरक्षित तरीकों की जानकारी दी।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को आग से सुरक्षा के उपाय, गैस सिलेंडर में लगी आग को बुझाने की विधि तथा बिजली से लगी आग को नियंत्रित करने के उपायों की प्रत्यक्ष जानकारी दी गई। इसके साथ ही फायर सेफ्टी गैस एवं फोम अग्निशामक यंत्रों के उपयोग की व्यावहारिक जानकारी देते हुए उनका प्रदर्शन भी किया गया।

## प्रधानमंत्री आवास 1.0 के निर्माण की गुणवत्ता को लेकर सख्त निर्देश

# 30 सितंबर तक पूर्ण करना होगा पीएम आवास

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्यों का आज मुख्य नगर पालिका अधिकारी नारायण साहू ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माणाधीन आवासों की प्रगति, निर्माण की गुणवत्ता एवं कार्य की स्थिति का जायजा लिया।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि सभी आवासों का निर्माण गुणवत्तापूर्वक एवं शासन की निर्धारित गाइडलाइन के अनुसार कराया जाये। मुख्य नगर पालिका अधिकारी नारायण साहू ने प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 1.0 की मिशन अवधि केवल प्रगतिरत आवासों को पूर्ण किये जाने हेतु 30 सितंबर 2026 तक नियत की गई है शासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि निर्धारित अवधि के पश्चात राज्य शासन द्वारा अपूर्ण आवासो हेतु कोई वित्तीय सहायता उपलब्ध नहीं कराया जायेगा। जिसके जिम्मेदार स्वयं होंगें।

### अप्रारंभ आवास का होगा निरस्तीकरण

प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 1.0 अंतर्गत शहर में चल रहे कार्यो का निरीक्षण किया गया। जिसमें मनोज कुमार लहरे पिता सरजू लहरे वार्ड क्रमांक 17, श्रीमती प्रतिमा पारधी पति चंद्रिका पारथी वार्ड क्रमांक 09, श्रीमती गिरजा बाई पति राजेन्द्र भट्ट वार्ड क्रमांक 17, श्रीमती यशोदा सोनवानी पति लुकुस वार्ड क्रमांक 18, श्रीमती संगीता निषाद पति परदेशी वार्ड क्रमांक 17 एवं श्रीमती गंगोत्री मल्हा पति सोनू मल्हा वार्ड क्रं 17 के मकानों का निरीक्षण कर सभी हितग्राहियों को समझाईश दिया गया है कि दिनांक 30 सितंबर 2026 तक अपने अपूर्ण आवास को पूर्ण कर ले अन्यथा शासन द्वारा आपको प्रदाय की गई राशि भी वापसी किये जाने कार्यवाही प्रस्तावित की जायेगी। इसी तरह प्रधानमंत्री आवास 1.0 के अप्रारंभ आवास हितग्राहियों का नाम भी विलोपित किये जाने का निर्देश दिया गया।

# शिक्षक संघर्ष मोर्चा ने पांच सूत्रीय मांगों को लेकर जिपं अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल ने जिला संयोजक डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी एवं शिवेंद्र चन्द्रवंशी के नेतृत्व में जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू से कवर्धा स्थित उनके निवास में मुलाकात कर शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं को लेकर पांच सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा।

चर्चा के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने 17 अगस्त 2012 तक नियुक्त प्राथमिक व मिडिल स्कूल के शिक्षकों को टीईटी की बाध्यता से मुक्त कर विधानसभा में प्रस्ताव पारित कर सेवा सुरक्षित करने, शिक्षक एलबी संवर्ग को पंचायत संवर्ग में प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गणना करते हुए पुरानी पेंशन सहित शिक्षा विभाग के समस्त लाभ देने, केन्द्रीय वेतनमान के अनुसार वेतन विसंगति दूर करने, 13 फरवरी 2026 के राजपत्र में शिक्षक हित में संशोधन करने और डीएड प्रशिक्षित शिक्षकों के लिए बीएड ब्रिज कोर्स आयोजित कराने की मांगें प्रमुखता से रखा। जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू ने शिक्षकों के मुद्दों को गंभीर मानते हुए मोर्चा के प्रतिनिधियों को आश्वस्त किया कि वे मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री को पत्र लिखकर इन मांगों को जल्द पूरा करने का अनुरोध करेंगी।